

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 15 मार्च 2026 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -41 ■ अंक-341 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 16 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## दुबई और कुवैत एयरपोर्ट पर ईरान के ताबड़तोड़ हमले

**तेहरान,15 मार्च।** कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी ड्रोन से हमले किए गए। हालांकि इन हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इसके अलावा फुजैराह में धुआं उठते देखाय गया। यहां एक जॉर्डन के नागरिक के घायल होने की खबर है। दुबई में ईरान मिसाइल अटैक भी कर रहा है। ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी युद्ध भयानक रूप लेता जा रहा है। इस युद्ध के चलते पूरी दुनिया में फ्यूल का संकट खड़ा हो गया है। वहीं ईरान लगातार अपने पड़ोसी देशों में भी हमला कर रहा है। यूएई के दुबई में ईरान ने हमले बंद ही नहीं किए। रविवार को भी दुबई के मरीना और अल सुफूह इलाके में जोरदार धमाके हुए और काला धुआं उठताा हुआ दिखाई दिया। बतादें कि इस युद्ध को भी 16 दिन बीत रहे हैं। इसके अलावा कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी ड्रोन से हमले किए गए। हालांकि इन हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इसके अलावा फुजैराह में धुआं उठते देखाय गया। यहां एक जॉर्डन के नागरिक के घायल होने की खबर है। दुबई में ईरान मिसाइल अटैक भी कर रहा है। हालांकि यहां एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम तैनात है।



अमेरिका के खर्ग द्वीप पर हमले के बाद तनाव और बढ़ गया है। इसे ईरान की रीढ़ की हड्डी कहा जा सकता है क्योंकि यहीं से ईरान 90 फीसदी तेल का आयात करता है। ईरान ने करीब 1800 मिसाइल और ड्रोन अटैक यूएई पर किए हैं। इसके अलावा अन्य देशों में भी जमकर ड्रोन और मिसाइल अटैक हुए हैं। यूएई में ईरान ने 1600 ड्रोन, 294 मिसाइल और 15 क्रूज मिसाइल अटैक किए। इनमें कम से कम 294 लोग मारे गए हैं और 141 घायल हुए हैं। शनिवार को ही ईरान ने 33 ड्रोन हमले कर दिए। वहीं ड्रोन और मिसाइल अटैक की फुटेज सोशल मीडिया पर डालने वाले 10 विदेशियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति, भारत के निर्यात के लिए अनिश्चितता पैदा कर रही है। निर्यातक बदलते हालात पर नजर रखे हुए हैं, क्योंकि अतिरिक्त शुल्क और लंबा परिवहन समय माल की आवाजाही को प्रभावित कर रहे हैं।

परिधान उद्योग के एक विशेषज्ञ ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण अगले कुछ महीनों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में जाने वाले निर्यात ऑर्डर में कमी आ सकती है और वहां खपत भी घट सकती है। भारत के कुल परिधान निर्यात का लगभग 11.8 प्रतिशत हिस्सा उन पश्चिम एशियाई देशों में जाता है, जो इस समय युद्ध के प्रभाव में हैं। भारत का तैयार वस्त्र निर्यात संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इजराइल, कुवैत, ओमान, कतर, इराक, बहरीन और ईरान जैसे देशों को वित्त वर्ष 2024-25 में 1.9 अरब डॉलर का रहा, जो 2023-24 में 1.82 अरब डॉलर था। कुल मिलाकर भारत का परिधान निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 15.97 अरब डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 14.51 अरब डॉलर था। चमड़ा निर्यातक परिषद के चेयरमैन रमेश कुमार जुनेजा ने कहा कि फारस की खाड़ी में जाने वाले माल की ढुलाई फिलहाल पूरी तरह रुक गई है।

## अफगानिस्तान की जवाबी कार्रवाई में 14 पाकिस्तानी सैनिक ढेर

**नई दिल्ली ,15 मार्च।** पाकिस्तान के काबुल के पुल-ए-चारखी इलाके में हवाई हमले में चार अफगान नागरिकों के मारे जाने और 14 के घायल होने के बाद शनिवार को अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया।ये हमले डूरंड लाइन के नजदीकी कुनार और नांगरहार से सटे पाकिस्तानी इलाकों में किए गए। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इन हमलों में 14 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 11 घायल हुए हैं। हमलों में एक टैंक और एक सैन्य वाहन भी नष्ट हुआ है। ताजा पाकिस्तानी हमले में मरने वाले चार लोगों में महिलाएं और बच्चे हैं। इससे पहले गुरुवार को पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल, नांगरहार और कंधार एयरपोर्ट के नजदीक स्थित तेल भंडार पर हवाई हमले कर अफगानिस्तान को जान-माल का नुकसान पहुंचाया था। उस हमले में छह अफगान नागरिक मारे गए थे और 12 घायल हुए थे। संयुक्त राष्ट्र ने भी पाकिस्तानी हमलों में अफगान नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि की थी। तालिबान सरकार के अनुसार तेल भंडार पर हमले से हज जाने वाले अफगान श्रद्धालुओं की यात्रा बाधित हो सकती है। उसके जवाब में अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के नजदीक स्थित फैजाबाद के सैन्य ठिकाने पर हमला किया था।



2021 में तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता में आने के कुछ महीने बाद से ही पाकिस्तान से उसके संबंधों में तनाव पैदा हो गया था। कई बार सैन्य झड़पों के बाद बीती 28 फरवरी को पाकिस्तान ने सैन्य ऑपरेशन गजब लिल हक शुरू किया। कई मुस्लिम देशों का शांति के लिए हस्तक्षेप होने तक पाकिस्तान ने 50 से ज्यादा अफगान नागरिकों को अपने हमलों में मार डाला था। जवाबी हमलों में कई पाकिस्तानी सैनिक और नागरिक मारे गए थे।

### एलपीजी की कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**बिलासपुर,15 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में ईंधन और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आम लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुछ स्थानों पर गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं, जो केवल अफवाहों के कारण बन रही हैं। मुख्यमंत्री साय ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की अफवाह फैलाने वालों पर सरकार की कड़ी नजर है। उन्होंने कहा कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कालाबाजारियों को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों और प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकतानुसार ही पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस का उपयोग करें, ताकि किसी तरह की अनावश्यक स्थिति उत्पन्न न हो।

### केजरीवाल को झटका, हाई कोर्ट ने जज स्वर्ण कांता शर्मा को हटाने की मांग ठुकराई

**नई दिल्ली,15 मार्च।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में जज बदलने वाली अरविंद केजरीवाल की मांग ठुकरा दी। केजरीवाल ने मामले में सुनवाई कर रहीं जज स्वर्ण कांता शर्मा पर पक्षपात का आरोप लगाकर मामले को किसी अन्य पीठ को स्थानांतरित करने की मांग की थी। चीफ जस्टिस ने मामले में टिप्पणी भी की। दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि याचिका वर्तमान रोस्टर के अनुसार न्यायमूर्ति शर्मा को सौंपी गई है और प्रशासनिक पक्ष पर आदेश पारित करके



इसे स्थानांतरित करने का कोई कारण नहीं पाया जाता। उन्होंने यह भी कहा कि अगर न्यायमूर्ति शर्मा खुद को इस मामले की सुनवाई से अलग करना चाहें तो यह निर्णय उन्हें लेना है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से 13 मार्च को एक पत्र की जानकारी दी गई थी। यह पत्र उन आठ लोगों को भेजा गया था, जिन्होंने मामले को दूसरी बेंच में ट्रांसफर करने की मांग की थी, जिनमें केजरीवाल भी शामिल थे। चीफ जस्टिस ने मामले में कहा कि प्रशासनिक स्तर पर इस याचिका को किसी अन्य बेंच में ट्रांसफर करने का कोई कारण नहीं दिखता।

दरअसल, 11 मार्च को लिखे अपने पत्र में केजरीवाल ने आशंका जताई थी कि यदि मामला जस्टिस स्वर्णा कांत शर्मा के पास ही रहा तो सुनवाई निष्पक्ष और तटस्थ तरीके से नहीं हो पाएगी। इससे पहले 27 फरवरी को एक ट्रायल कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में केजरीवाल और 22 अन्य आरोपियों को राहत देते हुए उन्हें आरोपों से मुक्त कर दिया था। इसके खिलाफ सीबीआई ने हाईकोर्ट में चुनौती दी, जिसकी सुनवाई फिलहाल जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा की बेंच में चल रही है। 9 मार्च को जस्टिस शर्मा ने मामले में नोटिस जारी किया था और ट्रायल कोर्ट के उस निर्देश पर रोक लगा दी थी.

## नेतन्याहू को ढूंढकर मारेंगे: ईरान

**तेहरान,15 मार्च।** मिडिल ईस्ट में जारी भीषण युद्ध के बीच ईरान के शक्तिशाली सैन्य संगठन इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने एक ऐसा बयान जारी किया है जिसने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है। आईआरजीसी ने कसम खाई है कि वे अपने सर्वोच्च नेता की मौत का बदला लेने के लिए इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को



ढूंढेंगे और उन्हें मार डालेंगे। ईरानी गार्ड्स ने अपनी वेबसाइट सेपाह न्यूज पर बयान जारी करते हुए कहा, ''अगर बच्चों की जान लेने वाला यह अपराधी जिंदा है, तो हम पूरी ताकत से उसका पीछा करते रहेंगे और उसे मार गिराएंगे।'' एक संदेश में आईआरजीसी के कमांडरों ने कहा कि 28 फरवरी को अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या एक ऐसा अपराध है जिसका हिसाब नेतन्याहू को अपनी जान देकर चुकाना होगा। वहीं, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने शनिवार को कहा कि तेहरान के साथ युद्ध अब एक निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने ईरान के खर्ग द्वीप पर स्थित तेल निर्यात केंद्र पर अमेरिका द्वारा किए गए हमलों की सराहना की, जिन्हें वाशिंगटन ने सैन्य लक्ष्य बताया था। काट्ज़ ने एक टेलीविजन बयान में शीर्ष सैन्य अधिकारियों से कहा, "ईरान के खिलाफ वैश्विक और क्षेत्रीय संघर्ष का नेतृत्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कर रहे हैं। यह अब और तेज हो रहा है और एक निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहा है। यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक इसकी आवश्यकता होगी।" इससे पहले गुरुवार को ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने अपने पिता का पद संभालने के बाद पहला बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि ईरान खाड़ी देशों पर हमले जारी रखेगा। साथ ही उन्होंने उस युद्ध में 'अन्य मोर्चे' खोलने की धमकी दी जिसने पहले ही विश्व ऊर्जा आपूर्ति, वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय यात्रा को बाधित कर दिया है।

## ईरान ने सऊदी अरब में अमेरिकी अड्डे पर दागी मिसाइल

नई दिल्ली,15 मार्च। अमेरिका और इज़राइल के साथ जारी युद्ध में ईरान ने कई मोर्चों पर हमले तेज कर दिए हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने सऊदी अरब के अल-खारज क्षेत्र में स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली है। यह बेस अमेरिकी सेना के लिए महत्वपूर्ण है, जहां एफ-35 और एफ-16 फाइटर जेट तैनात हैं और ईंधन भंडारण भी होता है। आईआरजीसी ने दावा किया कि हमला अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के लिए किया गया, लेकिन सऊदी अधिकारियों ने तत्काल पुष्टि नहीं की। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने पहले बताया था कि अल-खारज की ओर आने वाली छह मिसाइलों को रोका गया। हालांकि, एक प्रोजेक्टाइल के रिहायशी इलाके में गिरने से दो विदेशी नागरिक (एक भारतीय और एक बांग्लादेशी) की मौत हो गई और 12 घायल हुए। यह हमला युद्ध के दौरान सऊदी अरब में नागरिक क्षेत्रों पर प्रभाव का एक दुर्लभ उदाहरण है। इराक में बगदाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिसर में स्थित सैन्य अड्डे और अमेरिकी राजनयिक सुविधा पर ड्रोन हमला हुआ। दो सुरक्षा सूत्रों ने एएफपी को बताया कि ड्रोन सैन्य अड्डे को टारगेट कर दागे गए, लेकिन उन्हें परिसर के ठीक बाहर मार गिराया गया। दुर्घटनाग्रस्त ड्रोन से बाहर भीषण आग लग गई। इस परिसर में पहले दाएश के खिलाफ गठबंधन के सैनिक तैनात थे। इसके अलावा, बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर मिसाइल हमला हुआ, जो हेलीपैड पर लगा। धुआं उठता हुआ देखा गया, लेकिन तत्काल हताहत की खबर नहीं है। यह युद्ध शुरू होने के बाद दूतावास पर दूसरा हमला है। इराकी सरकार ने हमलों की निंदा की है।

संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह बंदरगाह पर ड्रोन हमले के मलबे से आग लग गई। फुजैराह मीडिया ऑफिस के अनुसार, ड्रोन को रोके जाने के दौरान गिरा मलबा आग का कारण बना। आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। एक जॉर्डन नागरिक को मामूली चोटें आईं। फुजैराह होर्मुज जलडमरूमध्य के ठीक बाहर स्थित प्रमुख तेल भंडारण और बंकरिंग केंद्र है। कुछ ऑयल लोडिंग ऑपरेशंस निलंबित कर दिए गए हैं, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ सकता है। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने पूर्वी प्रांत में दो (और हालिया रिपोर्ट्स में कई) ड्रोन को रोककर नष्ट करने की पुष्टि की। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, वायु रक्षा ने क्षेत्र में आने वाले ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराया। पूर्वी प्रांत में शायबाह ऑयल फील्ड सहित कई ठिकाने टारगेट हो रहे हैं, लेकिन ज्यादातर ड्रोन रोके जा रहे हैं।

## भाजपा ने सुपरस्टार विजय को दिया डिप्टी सीएम पद का ऑफर

**चेन्नई,15 मार्च।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 से पहले राज्य के सियासी गलियारों में एक बड़ी हलचल देखने को मिल रही है। सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि भारतीय जनता पार्टी ने अभिनेता से राजनेता बने विजय और उनकी पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम के सामने गठबंधन का एक बेहद लुभावना प्रस्ताव रखा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा ने तमिलगा वेट्री कझगम के प्रमुख विजय को तमिलनाडु के डिप्टी मुख्यमंत्री का पद देने का प्रस्ताव दिया है, बशर्ते एनडीए आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव जीत जाए। प्रस्तावित सीट-बंटवारे की व्यवस्था के तहत, भगवा पार्टी ने टीवीके को लगभग 80 सीटें देने का भी प्रस्ताव दिया है। सूत्रों ने बताया कि इस बीच, चुनाव से पहले दोनों पार्टियों के बीच बातचीत अपने अंतिम चरण में पहुँच गई है। यदि यह कदम सफल होता है, तो इससे राज्य में चुनावी समीकरण बदल सकते हैं, जहाँ वोट शेयर में छोटे-मोटे बदलाव भी अक्सर कड़े मुकाबले वाली सीटों का नतीजा तय कर देते हैं। सूत्रों ने बताया कि विजय मुख्यमंत्री के पद पर भी नज़र गड़ाए हुए हैं, जो बातचीत का एक अहम मुद्दा बना हुआ है।



भाजपा अभिनेता-राजनेता विजय और उनकी पार्टी को एनडीए के दायरे में लाने के लिए लगातार ज़ोरदार कोशिशें कर रही है। भगवा पार्टी विजय से संपर्क साधने के लिए कई माध्यमों का इस्तेमाल कर रही है; सक्रिय राजनीति में उतरने के बाद से ही उनके राजनीतिक संगठन 'तमिलगा वेट्री कझगम' ने तेज़ी से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। जिन मुख्य माध्यमों पर विचार किया जा रहा है, उनमें से एक में दूसरे राज्य के एक डिप्टी मुख्यमंत्री की भूमिका शामिल है, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे इस संपर्क अभियान में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। अभिनेता-राजनेता विजय में भाजपा की दिलचस्पी का मुख्य कारण तमिलनाडु भर में उनके प्रशंसकों की भारी संख्या है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि इस समर्थन का एक छोटा सा हिस्सा भी आगामी विधानसभा चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।



### घटारानी में मंदिर परिसर की 9 दुकानें खाक

**फिंगेश्वर,15 मार्च।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व की तैयारियों के बीच प्रसिद्ध मंदिर घटारानी में देर रात यहां भीषण आग लग गई। इस आगजनी में मंदिर परिसर की 8 से 9 दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन दुकानों में फैंसी सामग्री, प्रसादी, खिलौने और पूजा के बर्तन रखे हुए थे। आगामी नवरात्रि मेले को देखते हुए दुकानदारों ने हाल ही में नया माल भरा था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस अग्निकांड में दुकानदारों को 8 से 10 लाख रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, लेकिन स्थानीय दुकानदारों ने आशंका जताई है कि पास के जंगल में लगी आग फैलते हुए मंदिर परिसर तक पहुँच गई और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना तत्काल फिंगेश्वर थाना पुलिस को दे दी गई है। पूरी तरह से बर्बाद हो चुके दुकानदारों के सामने अब आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित दुकानदारों ने शासन और प्रशासन से घटना की निष्पक्ष जांच और मुआवजे की मांग की है।

आपसी विवाद लड़ाई-झगड़े से खेल जगत प्रभावित

## मानवता को शर्मसार करता युद्ध खेलकूद के लिए घातक

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

विश्व में अशांति, पड़ोसी देशों के बीच लड़ाई ,विभिन्न देशों में सत्ता संघर्ष ऐसे कई कारण है जिसकी वजह से मानव समाज अलग-अलग ढंग से असर पड़ता है। इन दिनों अमेरिका, इजराजल एक साथ मिलकर ईरान से युद्ध कर रहे हैं तो ईरान द्वारा अमेरिका समर्थित अरब देशों पर हमला जारी है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर आक्रमण किया है। उधर पिछले चार वर्ष से अधिक अवधि से रूस और यूक्रेन के मध्य लड़ाई जारी है। इस तरह के अशांत माहौल का असर सिर्फ व्यापार, व्यवसाय, पर्यटन, फिल्म जगत, वैज्ञानिक खोज, औद्योगिक विकास स्वास्थ्य,शिक्षा विकास कार्यो पर ही नहीं पड़ता है परंतु मनुष्य गतिविधि का एक और क्षेत्र है जिस पर अशांति,युद्ध का स्पष्ट प्रभाव पड़ता है, वह है इस प्रकार के माहौल में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का नहीं हो पाना। प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास पर दृष्टि करने से खेल आयोजन के रद्द किये जाने की कोई विशेष घटना का उल्लेख नहीं मिलता है।अलबत्ता प्राचीन ओलंपिक खेलों के लगातार आयोजन अर्थात् ईसा पूर्व 776 से ईस्वी सन् 393 तक याने लगभग 1169 वर्षों तक अनवरत जारी रहने के बाद रोमन सम्राट थियोडोसियस प्रथम द्वारा इन खेलों पर प्रतिबंध लगा दिया था। जिसका कारण रोमी शासकों द्वारा मूर्ति पूजा पर रोक की कोशिश करके ईसाई धर्म के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देना था। हालांकि समय के परिवर्तन के साथ साथ वैचारिक मतभेद दूर होते गये और जीवन में खेलकूद के महत्व को अनिवार्य माना गया तब 1896 में यूनान के शहर एथेंस में आधुनिक ओलंपिक खेलों का आयोजन आरंभ हुआ। जो आज भी जारी है। आज की परिस्थिति में खेल भी एक बड़ा उद्योग का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद ने 2021-2024 के बीच करीब 700 अरब रुपये का संग्रहण किया। इसी तरह फीफा याने फुटबाल के अंतर्राष्ट्रीय संघ के पास 590 अरब रूपये का भंडार था। इसी तरह भारत के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की संपत्ति करीब 190 अरब रुपये है। इसी तरह टेनिस, बेडमिंटन,बेसबाल, बास्केटबाल, आइस हाकी आदि प्रमुख खेलों की संपत्ति विश्व खेल संगठन या बोर्ड के हिसाब से अनुमानतः 80 अरब रुपये से कम नहीं है।

खेलों की दुनिया में आने वाला दस वर्ष याने 2036 तक का समय बहुत ही महत्वपूर्ण है। 2028,2032,2036 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल तथा इसी अवधि में पैरालिंपिक्स,2026,2030,2034 में एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल और विश्वकप फुटबाल का आयोजन होना है। इसी तरह विभिन्न खेलों की विश्व चैंपियनशिप तथा महाद्वीपीय स्पर्धा का आयोजन होना है।उपरोक्त खेल आयोजनों के बारे में 6 से 8 वर्ष पूर्व निर्णय ले लिये जाते हैं ताकि आयोजक अधोसंरचना का निर्माण कर सके और खिलाड़ियों , अतिथियों के ठहरने, परिवहन, भोजन आदि की समुचित व्यवस्था कर सके। अगर वर्तमान में जारी युद्ध जारी रहेगा तो आयोजक देशों को किए गए तैयारी के कारण करोड़ों की धनराशि का नुकसान हो सकता है। जैसा कि इतिहास गवाह है कि प्रथम विश्व युद्ध के कारण 1916 के आधुनिक ओलंपिक खेल जबकि दूसरे विश्व युद्ध के कारण 1940,1944 के खेलों को रद्द किया गया था जिससे आयोजकों को करोड़ों रुपये की हानि हुई थी। किसी भी खेल आयोजन के रद्द होने से भाग लेने वाले खिलाड़ियों की तैयारी को हानि पहुंचती है। कई प्रतिभागी अधिक उम्र होने के कारण सेवानिवृत्त होने के करीब होते हैं वे भाग नहीं ले पाते हैं .अतः आज हर खेल प्रेमी को यह अपने ईष्ट देव से प्रार्थना करनी चाहिए की वे युद्ध में शामिल शासकों को सद्बुद्धि दे ताकि वे युद्ध को समाप्त करे और सारे संसार में जनजीवन सामान्य हो सके।

### एयर इंडिया की कई फ्लाइट्स कैंसिल, इंडिगो ने बदला शेड्यूल

**नई दिल्ली,15 मार्च।** पश्चिम एशिया में बिगड़ते हालात के कारण पूरे क्षेत्र में उड़ानों के संचालन पर पाबंदियां लग गई हैं और उनके शेड्यूल में बदलाव करना पड़ा है। इस बीच एअर इंडिया ने रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के लिए तय कई उड़ानें रद कर दीं। इनमें दुबई, रास अल खैमाह और शारजाह की उड़ानें शामिल हैं। एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में एअर इंडिया ने कहा कि यूएई के एयरपोर्ट अधिकारियों ने एयरलाइंस को अपने ऑपरेशन कम करने के निर्देश दिए हैं। एयरलाइन ने कहा, ''यूएई में एयरपोर्ट अधिकारियों से मिले ताजा निर्देशों को देखते हुए एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस को 15 मार्च 2026 के लिए अपने एड-हॉक ऑपरेशन कम करने पड़ रहे हैं।'' बयान में आगे कहा गया, ''एअर इंडिया उस दिन दिल्ली-दुबई की केवल एक वापसी उड़ान संचालित करेगी, जबकि दुबई के लिए निर्धारित पांच में से चार उड़ानें रद कर दी गई हैं। एअर इंडिया एक्सप्रेस भी दिल्ली-दुबई की केवल एक वापसी उड़ान संचालित करेगी, जिसमें दुबई के लिए निर्धारित छह में से पांच उड़ानें रद कर दी गई हैं।

# सुबह से गैस एजेंसी में लाइन, पर्ची कटने से उपभोक्ता खुश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 15 मार्च।** सुबह से ही गैस एजेंसी में बड़ी लाइन दिख रही है लेकिन उपभोक्ताओं को पर्ची कटने ओर गैस सिलिंडर मिलने से खुशी भी दिख रही है। युद्ध अमेरिका ओर ईरान का चल रहा है जिस कारण लोगों को लग रहा है की कही भविष्य में गैस सिलिंडर ना भरा पाए इसको लेकर भी चर्चा है। लेकिन कलेक्टर की लगातार सक्रियता के कारण लोगों को अच्छे से गैस सिलिंडर मिल रहा है। लेकिन कुछ उपभोक्ता का कंपनी को फोन करने पर नहीं लग रहा है ओर एस एम एस नहीं आने से चिंतित दिखे। फिर भी कहा जा सकता है की गैस सिलिंडर अच्छे से मिलने की शुरुवात हो चुकी है फिर भी कई लोग चिंतित है।

# भक्ति में शक्ति की साधना है संत माता कर्मा : साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कर्मा जयंती पर विशेष**



**उतई, 15 मार्च।** चैत कृष्ण पक्ष एकादशी पाप मोचनी के पावन दिवस में संत माता कर्मा का जन्म झांसी की पावन धरती में आज से लगभग 1010 वर्ष पहले, बहुत ही सम्पन्न तैलकार रामशाह के यहां सम्वत् 1073 के चैत्र कृष्ण पक्ष 11 को एक सुकन्या ने जन्म लिया। पिता रामशाह परिवार से धार्मिक संस्कार तो मिला ही था, इसलिए बचपन से भगवान कृष्ण जी के भजन-पूजन आराधना में ही कर्मा माता को विशेष आनंद मिलता था। अपने शांत, धार्मिक प्रवृत्ति, पतिव्रता धर्म से अपने पति के हृदय में भगवान के प्रति अनुराग पैदा करने में सफल रही। अपने त्याग, तपस्या और समर्पण भाव से भगवान कृष्ण जी साक्षात दर्शन दिए और खिचड़ी का भोग भी लगाए। ऐसी महान संत का जन्म तैलिक कुल में जन्म लेकर तेली समाज को संकट से उबारने का काम भी किया है। तेली कुल में महिला वंदनीय पूज्यनीय है। जिनके बताये मार्ग में चलकर समाज उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। तेली समाज मूलतः व्यपार करने वाला समाज है। तेल जिसे औषधि भी माना जाता है। जिसका व्यपार करके जीवन यापन किया जाते रहा है। तेल के व्यवसाय में जब संकट की घड़ी आयी तभी मां कर्मा ने अपने समर्पण भाव से भगवान कृष्ण जी को प्रसन्न करके समाज को संकट से उबारने के लिए प्रार्थना किया और भगवान ने उबारा भी दिया। माता कर्मा की भक्ति में इतनी शक्ति थी कि कर्मा के खिचड़ी को ग्रहण करने के लिए प्रभु को मंदिर से निकलकर स्वयं चलकर माता कर्मा के पास आना पड़ा और कर्मा को आशीर्वाद भी प्रदान किया कि सदा मुझे खिचड़ी का प्रथम भोग लगेगा। भगवान जगन्नाथ मंदिर में आज भी खिचड़ी का ही भोग लगाया जाता है। जगन्नाथ के भात अउ जगत पसारे हाथ की कहावत आज भी चरितार्थ है। समाज मे फैली कुरीतियों को भी दूर करने का कार्य माता कर्मा ने किया है।

## एक नजर

### अष्टलक्ष्मी दर्शन यूथ एक्सचेंज के लिए प्राध्यापक और छात्रों का चयन



**भिलाई, 15 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इंदिरा गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राध्यापक सुरेश कुमार ठाकुर तथा महाविद्यालय के छात्र सुशील सेठी और नीतीश कुमार गुप्ता का चयन अष्टलक्ष्मी दर्शन यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए किया गया है। यह कार्यक्रम नार्थ ईस्टर्न कौंसिल सेक्रेटेरिएट और मिनिस्ट्री ऑफ़ डेवलपमेंट ऑफ़ नार्थ ईस्टर्न रीजन द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य से 20 विद्यार्थियों और 2 नोडल अधिकारियों का चयन किया गया है, जिन्हें पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण पर भेजा जाएगा। इसी क्रम में सहायक प्राध्यापक सुरेश कुमार ठाकुर को छत्तीसगढ़ दल का नोडल अधिकारी बनाया गया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका मेश्राम के मार्गदर्शन में इसे महाविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस चयन से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभागियों का होस्ट संस्थान इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी गुवाहाटी निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम की अवधि 15 मार्च से 28 मार्च तक तय की गई है।

### लेंजाखार में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में जुट रही है श्रद्धालुओं की भीड़



**कवर्धा, 15 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम लेंजाखार (पोड़ी) में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ तेरह मार्च से प्रारंभ हो चुकी है हजारों श्रद्धालु महायज्ञ का दर्शन करने एवं श्रीराम कथा सुन भी रहे है। 16 मार्च को शोर संदेश मानस प्रचार समिति नंद कुमार साहू सुनाएंगे रामकथा। श्रद्धालु शांति लाल साहू ने कबीरधाम जिले वासियों से विनम्र अपील की महायज्ञ में आये और रामकथा भी सुने।

### गुम मोबाइल से अज्ञात लोगों ने खाते से निकाल लिए डेढ़ लाख रुपए

**भिलाई, 15 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छावनी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति का मोबाइल गुम होने के बाद अज्ञात लोगों ने उसके बैंक खाते से यूपीआई के जरिए बड़ी रकम निकाल ली। ठगों ने न केवल उसके खाते से बल्कि उसकी पत्नी के खाते से भी पैसे ट्रांसफर कर लिए। कुल मिलाकर 1 लाख 49 हजार 590 रुपए की ठगी हुई है। पीड़ित की शिकायत पर छावनी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है छावनी पुलिस ने बताया कि संतोषी पारा कैंप-02 निवासी (55 साल ) दुर्गा प्रसाद साहू एलआईसी में एजेंट के रूप में काम करते हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 फरवरी की शाम वे पावर हाउस सब्जी मार्केट सब्जी खरीदने गए थे। इसी दौरान उनका मोबाइल कहीं गुम हो गया। उस समय उन्हें लगा कि शायद मोबाइल कहीं गिर गया होगा, लेकिन बाद में मोबाइल नंबर पर पैसे कटने के मैसेज आने लगे।

# दुर्ग में पिता-पुत्र ने की खुदकुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 15 मार्च।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के तरफ पिता-पुत्र ने एक साथ खुदकुशी कर ली। आपापुरा के भोईपारा स्थित किराए के मकान में अंदर से बंद कमरे में शनिवार को दोनों की लाश बिस्तर पर पड़ी मिली। वृद्धावस्था के चलते बीमारी के जकड़ने से पिता चलने फिरने में असमर्थ था वहीं पुत्र जन्मजात मंदबुद्धि था लिहाजा माना जा रहा है कि जीवन की बेबसी के चलते दोनों ने कीटनाशक दवा खाकर पीकर मौत को गले लगा लिया। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी हुई है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन कुमार राजपूत ने बताया कि शनिवार की सुबह सूचना मिली कि आपापुरा के भोईपारा में रहने वाले अरुण कुमार टांडिया (70) और उनके बेटे पंकज टांडिया (40) ने कीटनाशक दवाई खा ली है। दोनों पिता और पुत्र किराए के मकान में रहते थे सुबह 10 बजे तक उनके कमरे का दरवाजा नहीं खुला था। मकान मालिक सहित पड़ोसियों ने दरवाजे पर दस्तक दी और अरुण टांडिया को आवाज दी। कोई जवाब नहीं मिला तो उसके मोबाइल फोन पर कॉल किया गया। लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने पर दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर पिता और पुत्र मृत अवस्था में बिस्तर पर पड़े मिले बताया जा रहा है कि पंकज मंदबुद्धि था और पिता अरुण वृद्धावस्था की बीमारी के वजह से चलने-फिरने में असमर्थ था। करीब 8 माह पहले अरुण की पत्नी की मौत हो गई थी, जबकि बेटी की शादी होने के बाद वह जगदलपुर में रहती है। घर में पिता और पुत्र ही रहते थे घर पर खाना बनाने की कोई व्यवस्था नहीं थी। इसीलिए वे टिफिन सेंटर से खाना मंगाते थे। पंकज मंदबुद्धि होने के बावजूद किसी तरह मजदूरी कर घर खर्च जुटाता था। उसे मिर्गी की बीमारी भी थी। जिससे परेशान रहता था। बाथरूम में कीटनाशक दवा मिली है। इससे आशंका जताई जा रही है कि बेबसी के चलते पिता और पुत्र में कीटनाशक दवा पीकर खुदकुशी कर ली फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तालाब में डूबने से नाबालिग की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 मार्च।** स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के कोहका स्थित बेलवा तालाब में नहाने गए एक नाबालिग की डूबने से मौत हो गई नाम मृतक (16 साल) गुरप्रीत सिंह के अपने पांच दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया था, इसी दौरान वह गहरे पानी की चपेट में आ गया और डूब गया घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और तत्काल पुलिस को सूचित किया गया गोताखोरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद किशोर के शव को पानी से बाहर निकाला गया इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है स्मृति नगर चौकी पुलिस मार्ग काम कर के जांच है।

## नारायणपुर घुघुवा क में मानस महायज्ञ व देवी भागवत कथा का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



■ सांसद ने जन्मदिवस की पूर्व संध्या में आशीर्वाद प्राप्त किया

**उतई, 12 मार्च।** ग्राम नारायणपुर धाम (घुघुवा क), तहसील पाटन में स्वर्गीय आचार्य पंडित पवन द्विवेदी जी की पुण्य स्मृति में नव दिवसीय मानस महायज्ञ एवं देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन 07 मार्च से 16 मार्च 2026 तक श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिल रही है।

सप्तम दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल उपस्थित हुए। उनके साथ जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला पंचायत दुर्ग की सभापति नीलम राजेश चंद्राकर, जनपद सभापति प्रणव शर्मा तथा अवधेश शर्मा, जनपद सदस्य संतोषी ठाकुर, कस्तूरी पन्ना बंजारे, सरपंच चेतन चंद्राकर, सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर कथा वाचक आचार्य रोहन कृष्ण शर्मा द्वारा देवी भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है, जिसे सुनने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं। अपने उद्बोधन में सांसद विजय बघेल ने स्वर्गीय आचार्य पंडित पवन द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे पिछले नौ वर्षों से मानस गान करते आ रहे थे और इस क्षेत्र की धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि जब वे पंडाल में पहुंचे तो उन्हें ऐसा अनुभव हुआ मानो आचार्य पवन द्विवेदी जी आज भी अपने आशीर्वाद के साथ यहां उपस्थित हों।

### बीएसपी में स्वच्छता पखवाड़ा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई, 15 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई स्टील प्लांट में 16 से 31 मार्च तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष पखवाड़े की थीम सिंगल यूज प्लास्टिक का उन्मूलन रखी गई है। शुभारंभ 16 मार्च को महात्मा गाँधी कला मंदिर परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष स्वच्छता शपथ और श्रमदान कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। 17, 18 और 19 मार्च को विद्यार्थियों के बीच सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। वहीं 20 मार्च को सेक्टर-6 स्थित ए-मार्केट में कपड़े के थैले वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा 23 मार्च को सेक्टर-10 के जोनल मार्केट में अपशिष्ट पृथक्करण (वेस्ट सेग्रीगेशन) विषय पर रहवासियों और व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। 24 मार्च को सेक्टर-5 मार्केट तथा 25 मार्च को जवाहरलाल नेहरू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चौक में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। 26 मार्च को हॉस्पिटल सेक्टर मार्केट तथा 27 मार्च को सेक्टर-3 के बोरिया मार्केट में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। 28 मार्च को एसएलआरएम सेंटर में स्वच्छता अभियान आयोजित किया जाएगा। पखवाड़ा का समापन 30 मार्च को नगर सेवाएँ भवन में सफाई अभियान, परिचर्चा तथा प्लास्टिक द फिक्लर और

### सेक्टर-9 अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी बनाने का प्रस्ताव, विधायक रिकेश का संकल्प पारित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा प्रस्तुत एक महत्वपूर्ण अशासकीय संकल्प सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस संकल्प के माध्यम से पंडित जवाहरलाल नेहरू हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को संजय गाँधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज (पीजीआई) की तर्ज पर विकसित करने की अनुशंसा केंद्र सरकार को भेजी गई है। विधायक रिकेश सेन ने सदन को बताया कि अपनी स्थापना के समय से ही सेक्टर-9 अस्पताल न केवल भिलाई-दुर्ग बल्कि अविभाजित मध्य प्रदेश और वर्तमान छत्तीसगढ़ के कई जिलों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र रहा है। वर्षों तक उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रसिद्ध यह अस्पताल समय के साथ बुनियादी ढांचे और संसाधनों की उपेक्षा का सामना कर रहा है, जिससे इसकी सेवाओं के स्तर पर असर पड़ा है। पिछले कुछ समय से इस्पात बिरादरी और सेवानिवृत्त कर्मियों के बीच अस्पताल के निजीकरण को लेकर चर्चाएं हो रही थीं। इस पर विधायक सेन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सेल प्रबंधन और निदेशक प्रभारी से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल का निजीकरण नहीं किया जाएगा, बल्कि इसका आधुनिकीकरण और उन्नयन किया जाएगा।

### नाली में नवजात का शव मिलने से फैली सनसनी

**भिलाई, 15 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला अस्पताल के मातृत्व एवं शिशु विभाग के ठीक पीछे नाली में एक नवजात बच्चे का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई बताया जा रहा है कि नवजात करीब 6 माह का था और उसका शरीर पूरी तरह विकसित हो चुका था मौके पर कचरा बिनने वाली एक महिला ने नाली में बहते शव को देखा और उसे बाहर निकाला, जिसके बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मरच्युरी भिजवाया है यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि नवजात का शव नाली में कैसे आया है।

## पुलिस ने अवैध कबाड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सामान जब्त किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 मार्च।** जिले में चल रहे अवैध कबाड़ियों के कारोबार में पुलिस ने अभियान चलाकर तीन थाना क्षेत्र दुर्ग कोतवाली, अंडा और मोहन नगर में कार्रवाई किया गया। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तकियापारा, नयापारा रोड आरबीएस बस गैरेज के पास, मान होटल के पास मोतीपारा लुचकी तालाब के सामने तीन अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा अवैध कबाड़ खरीदी-बिक्री कर रहे थे। दबिश देकर पुलिस ने केलाबाड़ी मस्जिद के पास दुर्ग निवासी मोहम्मद सलमान, तकियापारा वार्ड 8 मोहम्मद शोएब आजमी, मोहम्मद एजाज, तितुरडीह दिलबाग सिंह ढिल्लन उर्फ बागे, अंडा मोहम्मद जावेद को पकड़ा गया। कबाड़ियों से पुलिस ने थाना मोहन नगर से कबाड़ी दुकान 500 किलोग्राम पुराने लोहे के कार पार्ट्स थाना मोहन नगर, सिटी कोतवाली दुर्ग, अंडा क्षेत्र में कार्रवाई 13, 500 रुपये, अण्डा के विनायकपुर रोड स्थित एक कबाड़ी दुकान से 1.50 क्विंटल पुराना वाहन स्क्रैप एवं लोहे का कबाड़ 3, 750 रुपये का जब्त किया गया। पुलिस ने एक नग लोहे की खिड़की, एक नग पुरानी साइकिल का कटा हुआ फ्रेम, साइकिल रिंग 6 नग (पुरानी), लूना वाहन के चक्का-ड्रम टायर 6, स्कूटर स्टेपनी टायर 2 नग (पुरानी) और लोहे के पाइप 6 नग (पुराने), सरिया रॉड 10 एमएम लगभग 60 किलोग्राम का जब्त किया है।

# जल संचयन को बढ़ावा देने मुख्य नहर की सफाई शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तालाबों को मिलेगा जीवनदान**



**भिलाई, 15 मार्च।** आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार शहर में जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए मुख्य नहर की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह सफाई अभियान नालंदा विद्यालय से लेकर एसीसी चौक तक चलाया जा रहा है। नगर निगम के जोन-2 अंतर्गत वैशाली नगर क्षेत्र में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य नहर में जमा कचरे और मलबे को हटाकर जल प्रवाह को सुचारू बनाना है, जिससे क्षेत्र के तालाबों तक पानी की आपूर्ति बेहतर हो सके। वर्तमान में निगम के सफाई कर्मी और मजदूर मैन्युअल रूप से मिट्टी, प्लास्टिक, झिल्ली और अन्य कचरा हटाने का कार्य कर रहे हैं। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस महत्वपूर्ण नहर की सफाई से क्षेत्र के तालाबों को सीधा लाभ मिलेगा। नहर में जमे कचरे के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो रहा था, लेकिन सफाई के बाद गर्मी के मौसम में तालाबों में पानी की आपूर्ति नियमित होगी और आसपास के भूजल स्तर में भी सुधार आएगा। इससे ग्रीष्मकाल में होने वाले जल संकट को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा।

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि नहर और उसके आसपास कचरा, प्लास्टिक या अन्य अपशिष्ट न फेंके। निगम आयुक्त ने कहा कि नहर की स्वच्छता बनाए रखने में जनभागीदारी बेहद जरूरी है। सफाई कार्य पूर्ण होने के बाद यह नहर गर्मी के मौसम में क्षेत्र के जल प्रबंधन के लिए लाइफ लाइन साबित होगी।

## इफ्तार से दिया भाईचारे का पैगाम, अमन-चैन के लिए की गई दुआएं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 मार्च।** माहे रमजान के अवसर पर जमात-ए-इस्लामी हिन्द भिलाई इकाई द्वारा फरीद नगर में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस दौरान देश में अमन-चैन और तरक्की के लिए विशेष दुआएं की गईं। कार्यक्रम में इकरा टीचर्स एसोसिएशन के सदर अजमत उल्लाह खान, भिलाई वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष यासीन खान, स्टूडेंट्स इस्लामिक आर्गेनाईजेशन ऑफ़ इंडिया (एसआईओ) के पूर्व सदर मोहम्मद आमिर, आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के दारूल क़ज़ा के शहर काज़ी मुफ़्ती सुहैल कासमी तथा जमात-ए-इस्लामी हिन्द छत्तीसगढ़ के पूर्व सदर शब्बीर खान ने अपने विचार रखे। संचालन मोहम्मद साबिर ने किया, जबकि जमात-ए-इस्लामी हिन्द के शहर अध्यक्ष एजाज अहमद ने आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में नियाज़ अहमद, खुर्शीद हिलाल, मोहम्मद जावेद, आरिफ खान, अहमद हसन, अमीन आरिफ कलीम आरिफ फरहान, रज़ा सिद्दीकी, अब्दुल रब्बानी, मतलूब अंसारी, ख़्वाजा मोईनुद्दीन, जावेद अहमद, केवी मोहम्मद, जावेद सिद्दीकी, अबुल हसन, शेख हारून और मौलाना जलील हसन नदवी सहित अनेक लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**महाविद्यालय में क्षेत्रीय साहित्य और सिनेमा पर विशेष कार्यक्रम**

# साहित्य हमें समाज को समझने की दृष्टि प्रदान करता है : प्राचार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 मार्च।** शास.वि.या.ता.स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग तथा फिल्म सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रूसा 2.0 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी साहित्यकार संजीव बक्शी के उपन्यास भूलन कांदा पर व्याख्यान एवं इसी पर आधारित फिल्म भूलन द मेज का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्रीय सिनेमा समाज की वास्तविकताओं को दर्शाने का सशक्त माध्यम है। भूलन द मेज जैसी फिल्में हमारी लोकसंस्कृति, परंपरा और मानवीय मूल्यों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य हमें समाज को समझने की दृष्टि प्रदान करता है और उससे जोड़ता है। मुख्य वक्ता कथाकार संजीव बख्शी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए फिल्म निर्माण की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भूलन कांदा के मिथक को यथार्थ से जोड़ते हुए वर्तमान सामाजिक व्यवस्था को सामने लाना इसका प्रमुख उद्देश्य है। हिंदी विभागाध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को क्षेत्रीय संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक संदेशों से परिचित कराना है।

फिल्म सोसायटी छायापट के संयोजक डॉ. एस.डी. देशमुख ने बताया कि फिल्म प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों ने बड़ी रुचि और उत्साह के साथ फिल्म देखी। कार्यक्रम के संयोजक एवं संचालक डॉ. अम्बरीष त्रिपाठी ने बताया कि फिल्म में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन, सामाजिक संबंधों और लोक परंपराओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर के बारे में नई जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ. अनुपमा कश्यप, डॉ. संजू सिन्हा, डॉ. एलिजाबेथ भगत, डॉ. प्रीति तन्ना टांक, अतिथि प्राध्यापक डॉ. ओमकुमारी देवांगन, डॉ. रमणी चंद्राकर, डॉ. लता गोस्वामी, डॉ. शारदा सिंह सहित शोधार्थी एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। डॉ. रजनीश उमरे ने आभार प्रदर्शन किया।

## एक नजर

### राजस्व मंत्री ने हाट बाजार का लोकार्पण एवं सब्जी बाजार का किया भूमिपूजन



**बलौदाबाजार 15 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने शनिवार को नगर पालिका बलौदाबाजार के वार्ड क्रमांक 13 में हाट बाजार का लोकार्पण एवं वार्ड क्रमांक 10 में सब्जी बाजार निर्माण का भूमिपूजन किया। हाट बाजार में करीब 32 पक्के छत वाले चबूतरे का निर्माण 32 लाख रुपए की लागत से किया गया है वहीं सब्जी बाजार का निर्माण करीब 3 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से होगा।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि आज बलौदाबाजार शहर के विकास में एक कड़ी और जुड़ गई है। अब शहर में परिवर्तन दिखाई देने लगा है और आने वाले 2 वर्षो में शहर का कायाकल्प हो जाएगा और सुंदर शहर बनेगा। उन्होंने कहा कि केवल शासकीय योजनाओं और निर्माण कार्य से ही शहर सुंदर नहीं बनता बल्कि इसके लिये नगरवासियो को जागरूक भी होना होगा। शहर को सुंदर बनाने की जिम्मेदारी लेनी होगी। कचरा यहां वहां न फेंक कर कूड़ादान या डस्टबीन में डालने की आदत शुरू करना होगा। इसके लिये सभी को संकल्प लेना हो। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, उपाध्यक्ष नगर पालिका जीतेन्द्र महले सहित पार्षदगण एवं नगरवासी उपस्थित थे।

### कलेक्टर एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने शहर में विकास कार्यो का लिया जायजा



**बलौदाबाजार 15 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने शुक्रवार शाम को बलौदाबाजार नगर में विभिन्न विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान निर्माणाधीन कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समय- सीमा में पूरा कराने अधिकारियो को निर्देश दिये। 29 क्वाटर्स के पास निर्माणाधीन नालंदा परिसर निर्माण के निरीक्षण के दौरान धीमा निर्माण एवं लेबर की कम संख्या पर नारजगी जाहिर करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ठेकेदार को नोटिस जारी करने और समय पर काम नहीं होने पर पेनाल्टी लगाने निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि यह राज्य शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना है इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।नालंदा परिसर की ड्राइंग डिजाइन के सम्बन्ध में इंज़ीनियर से जानकारी ली गई । बताया गया कि नालंदा परिसर लगभग 250 विद्यार्थी क्षमता की होगी। भवन में भू तल व प्रथम तल का निर्माण होगा। इसके साथ ही पार्किंग, गॉर्ड रूम और 3 कैफेफेटेरिया भी बनेगा। नालंदा परिसर का निर्माण 4 करोड़ से अधिक की लागत से किया जा रहा है जिसमें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु सर्व सुविधा युक्त लाइब्रेरी होगी। आगामी जून माह तक पूर्णता की समय सीमा निर्धारित है। इसके पश्चात निर्माणाधीन वृहद पानी टंकी का निरीक्षण किया गया एवं जल्द निर्माण पूरा करने के निर्देश दिये। यहां लगभग 85 लाख लीटर क्षमता की वृहद पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। नवीन सब्जी मण्डी एवं रामसागर तालाब सौन्दर्यीकरण कार्य का भी जायजा लिया गया। इसके पश्चात् फायर स्टेशन निर्माण हेतु शहर के नजदीक पनगांव में गोठान के पास जमीन चिन्हांकित कर आबंटन हेतु नस्ती तैयार करने के निर्देश दिये। नवनिर्मित चौपाटी में विभिन्न दुकानों का अवलोकन कर दुकान संचालकों से पूछ ताछ की गई। इसके साथ ही मुरुम तालाब के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एसडीएम प्रकाश कोरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मल्दी में दो सी.सी. सड़क स्वीकृत

**भाटापारा 15 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मण्डी बोर्ड के द्वारा ग्राम मल्दी मे दो सी.सी. सड़क स्वीकृत की गई है उक्ताशय की जानकारी देते हुए जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष भोला वर्मा ने बताया भाजपा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा की अनुसंशा पर मल्दी मे मुख्य सडक मार्ग के लिए लगभग 47 लाख रूपये की सी.सी.पुलिया सहित स्वीकृत की गई है जो इस वर्ष बारिश के पहले कार्य होगा जो कि मल्दी मुख्य मार्ग पर नेतराम वर्मा के घर से अनुपम के प्लाट तक दूसरा भरत वर्मा के घर से मुख्य निस्तारी तालाब तक सडक बननी है विदित हो कि बारिश के मौसम मे मुख्य मार्ग पर पुलिया नही होने से आवागमन बाधित होता था इसके स्वीकृत हो जाने के बाद अब सडक मार्ग जो कि बिना बाधित जारी रहेगा । भोला वर्मा ने बताया कि काफी वर्षो से उक्त दोनो ,सडक के लिए मांग की जा रही थी जो भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा के प्रयास से स्वीकृति मिली ज्ञात हो कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र का अंतिम ग्राम मल्दी जिसकी गिनती ब्लाक के बडे ग्रामो मे होती है ।वहीं दूसरी ओर तुरमा मिरगी के बीच पडने वाले पुल की भी प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है यह करीब 3 करोड की लागत की है।

# नशे में मामूली विवाद के चलते दो पक्षों में हुई चाकूबाजी,दो घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 15 मार्च।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ में बढ़ती नशाखोरी के बीच चाकूबाजी की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। बीती रात पुराना सरकारी अस्पताल परिसर में हुए एक छोटे से विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और दो पक्षों के बीच चाकूबाजी की घटना हो गई, जिसमें दो भाई घायल होना बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 10:30 बजे की है। उस समय बुधवारी पारा में स्थित पुराना सरकारी अस्पताल परिसर में दो अलग-अलग स्थानों पर कुछ लोग मदिरा सेवन कर रहे थे। इसी दौरान किसी खाने की वस्तु को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। नशे में धुत लोगों के बीच पहले गाली-गलौज हुई और देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आशीष मंडावी, अनिल थापा, दिनेश और गज्जू पहले से ही अस्पताल परिसर में बैठकर शराब पी रहे थे। वहीं कुछ दूरी पर ललित मानिकपुरी और उसका भाई सोनू मानिकपुरी भी मदिरा सेवन कर रहे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जो कुछ ही देर में गंभीर विवाद में बदल गई।

बताया जाता है कि विवाद के दौरान आरोपियों में से एक ने धारदार हथियार से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया, जिससे ललित मानिकपुरी और सोनू मानिकपुरी घायल हो गए। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं दूसरी ओर घटना के बाद दोनों घायल सबसे पहले थाने पहुंचे। पुलिस ने उन्हें तत्काल डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए ले गई । ललित मानिकपुरी की हालत गंभीर होने के कारण उसे राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ललित और सोनू दोनों सरकारी विभाग में ड्राइवर के रूप में कार्यरत हैं। इधर, मगन दास मानिकपुरी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफबीएनएस की धारा 109, 296, 3(5) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने अजय मंडावी और अनिल थापा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी संतोष जायसवाल ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

### सहकारी समितियों में परिवहन सुविधा केन्द्र प्रारम्भ करने वाला प्रदेश का पहला जिला बलौदाबाजार -भाटापारा

# भाटापारा,सुहेला, लवन और कुम्हारी समिति में परिवहन सुविधा केंद्र शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार 15 मार्च।** जिले के 4 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भाटापारा,सुहेला, लवन एवं कुम्हारी, में परिवहन सुविधा केन्द्र प्रारंभ किया गया है। बलौदाबाजार - भाटापारा जिला प्रदेश का पहला जिला है जहां सहकारी समिति में परिवहन सुविधा केन्द्र प्रारम्भ किया गया है। सहकारी समितियों में परिवहन सुविधा केन्द्र शुरू होने से सहकार से समृद्धि योजना के माध्यम से नागरिको को पैक्स समितियों के माध्यम से अधिक से अधिक सेवाएं प्राप्त होगी।

कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के निर्देशन में सहकार से समृद्धि अंतर्गत जिले के 129 प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मे सीएससी भी संचालित है जिसमें नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस आवेदन, ड्राइविंग लाइसेंस, डुप्लिकेट आरसी, पासपोर्ट में परिवर्तनस्वामित्व स्थानान्तरण, वाहन पंजीकरण, वाहन बीमा, वाहन चालान आदि परिवहन से संबंधित समस्त प्रकार के सुविधाए प्राप्त हो रही है, जिससे किसानो, नागरिको एवं जनप्रतिनिधियों में प्रसन्नता की भावना बनी हुई है द्य

पैक्स समितियों के द्वारा अपने बुनियादी कार्य कृषको को ऋण के रूप में नगद, खाद बीज दवाई, प्रदाय किया जाता रहा है, भारत सरकार के सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत पैक्स के माध्यम से नागरिको को कई प्रकार की सुविधाए प्राप्त हो इसी को साकार करने के लिए समितियों के द्वारा सामान्य सेवा केंद्र के माध्यम से डिजिटल सेवाए प्रदान की जा रही है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से सदस्यों को समितियों में ही राशी जमा एवं आहरण की कार्य बैंकिंग स्तर की सेवाए दी जा रही है, साथ ही पैक्स समितियों के द्वारा जनऔषधि केंद्र का कार्य किया जा रहा है।

### सहायक उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार पड़वार एवं नेहरू राम साहू उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 15 मार्च** । पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा आज दिनांक 14.03.2026 को सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए अश्वनी कुमार पड़वार एवं नेहरू राम साहू के कंधे पर दो-स्टार लगाकर, उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। वर्तमान में उप निरीक्षक अश्वनी कुमार पड़वार चौकी प्रभारी बया एवं नेहरू राम साहू थाना भाटापारा शहर में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे है। इस दौरान पदोन्नति कार्यक्रम में श्री राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, श्री संजय साहू उप पुलिस अधीक्षक यातायात, स्टेनो मनीष चौबे रीडर-1 मनीष वर्मा सहित पुलिस कार्यालय के स्टाफतथा अश्वनी कुमार पड़वार एवं नेहरू राम साहू के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने सुरभि गौधाम मोहतरा का किया वर्चुअल शुभारंभ




**बलौदाबाजार,15 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय कोनी बिलासपुर में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के 11 जिलों के 29 सुरभि गौधाम का शुभारम्भ किया जिसमें बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मोहतरा का सुरभि गौधाम भी शामिल है। सुरभि गौधाम मोहतरा में आयोजित पशु प्रदर्शनी मेला में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर पशु प्रदर्शनी मेला में 7 वर्गो में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता पशुपलकों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

सुरभि गौधाम का उद्देश्य घुमंतु पशुओ का व्यवस्थापन, गो सेवा में लिये जन जागरूकता, जब्तशुदा मवेशियों क उचित देखभाल और रोजगार सृजन है। गौधाम संचालन के लिये छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग में पंजीयन जरुरी है। गौधाम संचालन हेतु 10 रुपए प्रति पशु प्रतिदिन के मान से राशि दिया जाएगा। इसके साथ ही चरवाहा एवं गौ सेवक को मानदेय दिया जाएगा। एक गौधाम में 250 से 300 मवेशी रखे जायेंगे। आगामी समय में प्रत्येक विकासखंड में 11 गौ धाम बनाए जायेंगे। सुरभि गौधाम मोहतरा में अधोसंरचना जैसे पशु शेड निर्माण, पेयजल, बिजली फेसिग इत्यादि उपलब्ध है। इस अवसर पर सरपंच हेमू देवदास, जिला अध्यक्ष गौधाम विजय साहु,उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ नरेन्द सिंह,उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बलौदाबाजार वनमण्डल में युवान कार्यक्रम का आयोजन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 15 मार्च।** वनमण्डल कार्यालय में शनिवार को युवान वॉलेंटियर्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को प्रकृति, वन एवं वन्यजीव संरक्षण से जोड़ते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने उपस्थित युवान वॉलेंटियर्स को संबोधित करते हुए प्रकृति, वन, वन्यजीव एवं समुदाय के पारस्परिक संबंधों के महत्व को समझाया। उन्होंने युवान के अर्थ को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह पहल युवाओं को प्रकृति से जोड़ने और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनाने का एक प्रयास है। उन्होंने बताया कि युवान वॉलेंटियर्स प्रोग्राम के अंतर्गत युवाओं को आगे प्रशिक्षण, फील्ड एक्सपोजर तथा विभिन्न संरक्षण गतिविधियों में सहभागी बनाया जाएगा, जिससे वे भविष्य में ग्रीन लीडर के रूप में समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकें।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अजय मिश्रा (सहायक प्राध्यापक, शासकीय लवन कॉलेज), बर्डर श्री हेमंत वर्मा तथा अजीम जी फाउंडेशन से श्री एस.के. अब्दुल उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अजय मिश्रा द्वारा वेटलैंड कंज़र्वेशन के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं श्री सौरव राजवाड़े द्वारा युवान वॉलेंटियर्स प्रोग्राम की अवधारणा एवं उद्देश्य पर प्रस्तुति दी गई तथा श्री सौरव मेहरा द्वारा मानव-हाथी सहअस्तित्व विषय पर रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बलौदाबाजार वनमण्डल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों सहित वनमण्डल क्षेत्र के अनेक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य कृषानू चन्द्राकार, परिक्षेत्र अधिकारी प्रखर नायक,गुलशन साहू सहित वनमण्डल के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिकता वाले निर्माण कार्य बारिश से पहले पूरा करें:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 15 मार्च।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ठ्ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने जिले में स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्राथमिकता वाले निर्माण कार्यों की कड़ी निगरानी कर तय समय पर पूर्ण कराने तथा सड़क मरम्मत कार्य बारिश से पहले पूरा करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि बलौदाबाजार - सुहेला -सिमगा, पड़कीडीह -हिरमी, भाटापारा - सेमरिया चंद्रखुरी एवं कोटा - जारा -संडी सड़क निर्माण प्राथमिकता वाले है। इन कार्यों को समय पर पूरा कराने ठेकदार पर कड़ी निगरानी रखें। एसडीओ और सब इंज़ीनियर नियमित फिल्ड विजिट करें, कोई ठेकेदार लापरवाही करता है तो नोटिस जारी करें और पेनाल्टी लगाएं। इसीतरह रिसदा बाई पास एवं बलौदाबाजार लटुआ बाई पास निर्माण के लिये आवश्यक पहल करें। उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने कहा। कलेक्टर ने भवन निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए नालंदा परिसर, एथलेटिक्स ट्रेक्स, इंडोर स्टेडियम निर्माण सहित स्कूल भवन, स्वास्थ्य केन्द्र, शौचालय निर्माण कार्य को भी तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। बताया गया कि इस वर्ष लगभग 174 करोड़ रुपए के 16 सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। सड़क मरम्मत एवं पैच रिपेरिंग कार्य के लिये भी स्वीकृति मिली है और कुछ सड़कों का मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर श्री शर्मा ने विगत दिनो पड़कीडीह -हिरमी सड़क निर्माण का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये थे।

### एग्री टेक मिलन में जुटे सैकड़ों कृषि अभियंता

**रायपुर, 15 मार्च।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित स्वामी विवेकानंद अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय एल्युमिनाई मीट ÷एग्री टेक मिलन 2026÷ में महाविद्यालय के सैकड़ों पूर्व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस एल्युमिनाई मीट में छत्तीसगढ़ के अलावा देश के अन्य राज्यों से भी कई पूर्व छात्रों ने शिरकत की। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में पहली बार आयोजित इस एल्युमिनाई मीट में विगत 28 वर्षों में महाविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर दो दिवसीय प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मेला भी आयोजित किया गया जिसमें कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय द्वारा विकसित विभिन्न किसानोपयोगी नवीन प्रौद्यौगिकियां प्रदर्शित की गई।

### सेंट्रिंग प्लेट के स्वरोजगार से बदली तस्वीर

# धनलक्ष्मी समूह की महिलाओं ने स्वरोजगार से अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार 15 मार्च।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' योजना के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने के प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की इस कड़ी में ग्राम नवागांव की धनलक्ष्मी महिला समूह की दीदियों ने स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक समृद्धि की एक नई मिसाल पेश की है। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए समूह की महिलाओं को विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ा गया है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है।

धनलक्ष्मी महिला समूह की सदस्य दुलेश्वरी यादव बताती हैं कि बिहान योजना ने उन्हें घर की चारदीवारी से निकालकर एक सफल उद्यमी के रूप में नई पहचान दी है। समूह की महिलाएं वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मकान निर्माण पूर्ण करने के लिए आवश्यक सामग्री जैसे ईंट, फ्लाई एश ब्रिक्स और सेंट्रिंग प्लेट आदि की आपूर्ति करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जनवरी 2025 में इस कार्य की शुरुआत करने के बाद से अब तक समूह की दीदियों ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर एक लाख रुपये से अधिक की शुद्ध आय अर्जित कर ली है, जो उनके आर्थिक स्वावलंबन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। जिले में संचालित इस सार्थक पहल के माध्यम से न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, बल्कि उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़कर समाज में सशक्त स्थिति प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों में महिलाओं की यह भागीदारी निर्माण प्रक्रिया को गति देने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रही है। नवागांव की इन महिलाओं की सफलता आज जिले के अन्य स्व-सहायता समूहों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है, जो यह दर्शाता है कि अवसर मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी आर्थिक रूप से समृद्ध और सक्षम बन सकती हैं।



**डोंगरगढ़ 15 मार्च।** कुकदा ग्राम से सूचना मिली थी कि खेतो के जरिये आग फ़ैल रहा है सूचना पर तत्काल पलारी पुलिस घटनास्थल पहुंची, जहाँ ग्रामीणों की मदद से बोर के पानी से पाइप जरिये आग बुझाने मे पुलिस स्टाफने सराहनीय योगदान दिया. पीछे से आग तेजी से पलारी की तरफ फ़ैल गया. जिससे पलारी के आउटर मे स्थिति इट भट्ठा के घर तक़ पहुंची. जहाँ एक छोटी से 3 साल की बच्ची क़ो झोपडी नुमा घर से आरक्षक जियान वर्मा पलारी की समझदारी से जान बच पाई. बाद फायर ब्रिग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया गया।

## केजरीवाल पहले से ही जमीन तैयार कर रहे

राजनीति में जो नेता बहुत होशियार होते हैं तो वह भविष्य में अपने बचाव के लिए बहुत पहले से जमीन तैयार करते हैं ताकि वह भविष्य में वह कह सकें कि वह तो पहले से यही कह रहे थे कि उनके साथ ऐसा ही किया जाएगा।उनके साथ गलत होने की आशंका थी और देखिए उऩकी आशंका अब सच साबित हुई है। जनता की अदालत ने तो केजरीवाल के मामले में अपना फैसला सुना दिया है। अब वह जनता की अदालत में पांच साल बाद ही जाएंगे इसलिए वह इस दौरान मिले समय का उपयोग करते हुए अपने आपको कट्टर ईमानदार नेता अदालत में साबित करना चाहते हैं। आगे की राजनीति के लिए उनके लिए निचली अदालत में ईमानदार साबित होना जरूरी था और निचली अदालत ने उनकी यह इच्छा पूरी कर दी।वह जैसा चाहते थे, निचली अदालत ने दिल्ली शराब घोटाले में जो फैसला सुनाया वह वैसा ही था यानी केजरीवाल जनता के बीच जाकर यह कह सकते थे देखो निचली अदालत के जज ने मुझको आरोपमुक्त कर दिया है यानी मैं कट्टर ईमानदार था, कट्टर ईमानदार हूं, तभी तो जज ने मुझको और बाकी लोगों को आरोपमुक्त किया है। केजरीवाल को अंदेशा था कि यह मामला हाईकोर्ट जाएगा और निचली अदालत के फैसले पर रोक लगा दी जाएगी।ऐसा ही हुआ है,केजरीवाल को ज्यादा बुरा यह लगा कि हाईकोर्ट ने जल्दी ही निचली अदालत के फैसले पर रोक लगा दी इससे केजरीवाल को नुकसान यह हुआ है कि वह कुछ समय जो यह प्रचार करना चाहते थे, वह प्रचार अब नहीं कर सकते कि देखो निचली अदालत ने तो मुझे आरोपमुक्त कर दिया है, मैं तो पहले कहता था कि मैं ईमानदार हूं और कोर्ट ने ऐसा ही माना है तब ही तो मुझे आरोपमुक्त कर दिया है। हाईकोर्ट के जज के त्वरित फैसले के कारण वह ऐसा नहीं कर सके हैं यानी उनकी खुद को ईमानदार प्रचारित करने की योजना शुरु होती इससे पहले हाईकोर्ट के फैसले से उनकी योजना पर पानी फिर गया है। केजरीवाल जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के बारे में पहले से जानते हैं कि वह जो फैसला करेंगी वह सही फैसला लेकिन उनके खिलाफ होगा इसलिए वह हाईकोर्ट की जज के फैसले पर सवाल उठा रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि उनके मामले की निष्पक्ष सुनवाई इस जज के कोर्ट में नहीं हो सकती इसलिए मामले को दूसरी अदालत में भेज दिया जाए, इसके लिए उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय को पत्र लिखा है कि उऩके मामले को जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अदालत से दूसरी अदालत में भेज दिया जाए। उन्होंने कारण बताया है कि ९ मार्च को जस्टिस शर्मा ने बिना उनका पक्ष सुने ही आदेश पारित कर दिया है और ट्रायल कोर्ट के आदेश में हस्तपेक्ष करने की कोई वजह भी नहीं बताई गई है। निचली अदालत के आदेश पर रोक असाधारण परिस्थिति में ही लगाया जाता है।९ मार्च के आदेश में बताया नहीं गया है कि असाधारण परिस्थिति क्या थी। पत्र में यह भी बताया गया है कि सीबीआई की ओर से दायर याचिका में ईडी के मामले में भी आदेश पारित कर दिया गया है जबकि ईडी उसमे पक्षकार नहीं थी।पत्र में कहा गया है कि इस तरह की याचिकाओं में जवाब दाखिल करने के लिए कम से कम चार से पांच सप्ताह का समय दिया जाता है।इस मामले में ऐसा नहीं किया गया है। इससे साफ है कि केजरीवाल सोच रहे थे कि निचली अदालत के फैसले के बाद उनको चार पांच सप्ताह का समय मिलेगा और वह अपने को ईमानदार बताने का खूब प्रचार करेंगे लेकिन हाईकोर्ट के फैसले से सबकुछ टांय टांय फिस्स हो गया है। केजरीवाल को फिर से अदालत व वकीलों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। केजरीवाल को पहले से अनुभव है कि हाईकोर्ट में उनके लिए पहले भी कुछ भी आसान नहीं था और आगे भी आसान नहीं रहने वाला है। हाईकोर्ट के जज के फैसले से केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ने वाली है यानी वह निचली अदालत के फैसले के आधार पर जो राजनीति करना चाह रहे थे अब नहीं कर पाएंगे। हाईकोर्ट में उनके अऩुकूल कोई फैसला आने वाला नहीं है क्योंकि यहां वह कुछ ऐसा नहीं कर सकते कि कोई फैसला उनके पक्ष में आए। यहां उनके खिलाफ ही फैसला आया है इसलिए वह उम्मीद नहीं कर सकते कि यहां उनके पक्ष में कोई फैसला आएगा।वह नेता हैं,उनको राजनीति करना आता है तो उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले पर राजनीति शुरू कर दी है यानी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर जज की निष्पक्षता पर ही सवालिया निशान लगा दिया है।चीफ जस्टिस क्या फैसला करते हैं यह आनेवाले दिनों में पता चलेगा लेकिन केजरीवाल ने अपने आने वाले बुरे दिनों की आशंका में अभी से बचाव की जमीन तैयार शुरू कर दी है यदि हाईकोर्ट मे फैसला उनके खिलाफ आता है तो वह यह कहकर राजनीति करेंगे कि हम तो पहले से कह रहे थे कि हमको निष्पक्ष न्याय की उम्मीद नहीं है और देखो ऐसा हुआ है, एक कट्टर ईमानदार नेता को भ्रष्ट बताने के लिए अदालत का दुरुपयोग किया गया है। राहुलगांधी कह ही रहे हैं कि सब बड़ी संस्थाएं क्रम्प्रोमाइज्ड है, केजरीवाल भी कहना शुरू कर देंगे।

राजनीति

# पिछली कड़वी यादों को भुला अखिलेश की पश्चिमी यूपी में बड़ी चुनावी रैली की तैयारी

अजय कुमार,



समाजवादी पार्टी ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी औपचारिक रूप से शुरू कर दी है। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 29 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दादरी में समानता भाईचारा रैली के जरिए अपना चुनावी अभियान शुरू करेंगे। यह महज एक रैली नहीं है, बल्कि यह उस बड़ी राजनीतिक योजना की शुरुआत है जिसके जरिए अखिलेश यादव पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी की जमीन को नए सिरे से तैयार करना चाहते हैं। दादरी का चुनाव भी रणनीतिक है क्योंकि यह इलाका जाट, मुस्लिम, दलित और पिछड़े वर्गों की मिली-जुली आबादी वाला क्षेत्र है और यहीं से पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक की राजनीति को धार देने की कोशिश की जाएगी। 2022 के विधानसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन समाजवादी पार्टी के लिए बेहद निराशाजनक रहा था। पश्चिमी यूपी में कुल मिलाकर करीब 136 विधानसभा सीटें आती हैं जिनमें मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, हापुड़ और आसपास के जिले शामिल हैं। 2022 में इस पूरे इलाके में समाजवादी पार्टी को केवल 35 से 38 के आसपास सीटें मिली थीं जबकि भारतीय जनता पार्टी ने यहां करीब 80 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी। वोट प्रतिशत की बात करें तो पश्चिमी यूपी में भाजपा को करीब 44 से 46 फीसदी वोट मिले थे जबकि सपा 30 से 33 फीसदी के आसपास सिमट गई थी। राष्ट्रीय लोकदल उस वक्त सपा के साथ गठबंधन में था और उसने जाट बहुल इलाकों में कुछ सीटें जिताई थीं, लेकिन इसके बावजूद गठबंधन का समग्र प्रदर्शन भाजपा के मुकाबले कमजोर ही रहा। पश्चिमी यूपी में सपा की कमजोरी की जड़ें बहुत गहरी हैं। 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के बाद इस इलाके में जाट और मुस्लिम समुदाय के बीच जो दरार पैदा हुई थी, उसका सीधा फायदा भाजपा को मिला। जाट मतदाता जो परंपरागत रूप से कभी कांग्रेस तो कभी लोकदल के साथ रहते थे, 2014 के बाद से भाजपा की तरफ मजबूती से झुक गए। 2022 में भी यह झुकाव बड़े पैमाने पर बना रहा। हालांकि राकेश टिकैत के नेतृत्व में किसान आंदोलन के बाद यह उम्मीद जगी थी कि जाट वापस भाजपा से नाराज होंगे, लेकिन वोटिंग के वक्त बड़े पैमाने पर यह नाराजगी सपा के पक्ष में नहीं बदल पाई।अब 2023 में राष्ट्रीय लोकदल ने सपा का साथ छोड़कर भाजपा के साथ हाथ मिला लिया है। जयंत चौधरी



राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन में शामिल हो गए हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि 2027 में सपा के पास पश्चिमी यूपी में जाट मतदाताओं तक पहुंचने का वह पुराना पुल नहीं रहेगा। पश्चिमी यूपी की करीब 40 से 45 विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां जाट मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इन सीटों पर रालोद के भाजपा के साथ जाने से सपा की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।ऐसे में अखिलेश यादव की पीडीए रणनीति ही वह हथियार है जिससे वे इस गणित को पलटना चाहते हैं। पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक यानी पीडीए का यह फार्मूला 2024 के लोकसभा चुनाव में काफी हद तक काम भी किया। 2024 में सपा ने उत्तर प्रदेश में 37 सीटें जीतीं जो पार्टी के इतिहास में लोकसभा का सबसे बेहतर प्रदर्शन था। पश्चिमी यूपी में भी 2024 में सपा ने कुछ अप्रत्याशित जीतें दर्ज कीं। मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा और बिजनौर जैसे क्षेत्रों में सपा और उसके सहयोगी दलों ने बेहतर प्रदर्शन किया। इससे अखिलेश को भरोसा मिला कि पीडीए का फार्मूला अगर सही तरीके से जमीन पर उतारा जाए तो पश्चिमी यूपी में भी बड़ा बदलाव संभव है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जातीय संरचना पर गौर करें तो यहां मुस्लिम आबादी कई जिलों में 30 से 40 फीसदी तक है। मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, संभल, अमरोहा, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर जैसे जिलों में मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में हैं और वे परंपरागत रूप से सपा के साथ रहे हैं। इसके अलावा दलित मतदाता जो अनुसूचित जाति के हैं, पश्चिमी यूपी में करीब 20 से 22 फीसदी हैं। पिछड़े वर्ग जिनमें यादव, कुर्मी, सैनी, प्रजापति, गुर्जर और अन्य जातियां शामिल हैं, उनकी भी पश्चिमी यूपी में ठीकठाक मौजूदगी है। अगर ये तीनों तबके एकजुट होकर सपा को वोट दें तो कम से कम 50 से 55 फीसदी वोट का आधार बन सकता है जो किसी भी सीट पर जीत के लिए पर्याप्त है।लेकिन असली चुनौती इन्हें एकजुट करना है। दलित मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा अभी भी बहुजन समाज पार्टी की तरफ देखता है। हालांकि मायावती की पार्टी 2022 और 2024 दोनों चुनावों में बुरी तरह पिटी है और उनका वोट बैंक बिखर रहा है। अखिलेश की कोशिश है कि इस बिखरे हुए दलित वोट को अपनी तरफ खींचा जाए। दादरी की रैली में समानता और भाईचारे का संदेश इसीलिए दिया जाएगा ताकि दलित समुदाय को यह भरोसा दिलाया जा सके कि सपा उनकी पार्टी है। पश्चिमी यूपी में सपा के सामने एक और बड़ी समस्या संगठन की है। इस इलाके में सपा का जमीनी ढांचा बहुत मजबूत नहीं है। पूर्वी यूपी के मुकाबले जहां यादव बाहुल्य क्षेत्र हैं और पार्टी की गहरी जड़ें हैं, पश्चिमी यूपी में सपा को हर बूथ तक अपनी पहुंच बनाने के लिए नए सिरे से काम करना होगा। अखिलेश ने इसके लिए रैलियों और जनसंपर्क अभियानों की एक लंबी श्रृंखला तैयार की है जो दादरी से शुरू होकर पूरे पश्चिमी यूपी को कवर करेगी।भाजपा के लिए भी यह लड़ाई आसान नहीं होगी। किसानों की समस्याएं, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दे जनता के मन में हैं। पश्चिमी यूपी के गन्ना किसानों का बकाया और सरकारी योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन बड़े सवाल हैं। सपा इन्हीं मुद्दों को हवा देकर अपना रास्ता बनाना चाहती है।2027 में पश्चिमी यूपी की लड़ाई तय करेगी कि उत्तर प्रदेश में सत्ता का रुख किस तरफ जाएगा। इस इलाके की 136 के करीब सीटें किसी भी दल को सरकार बनाने या रोकने में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। अखिलेश यादव जानते हैं कि अगर पश्चिमी यूपी नहीं जीता तो लखनऊ की राह बंद है। दादरी की रैली इसी लंबे सफर का पहला कदम है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आपका दिन बढिय़ा रहने वाला है। कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा। सरकार द्वारा कृषि संसाधनों की प्राप्ति होने से कृषि कार्यों में प्रगति होगी। दांपत्य जीवन में खुशियों का आगाज होगा। आज अगर नया काम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढऩे का मौका मिलेगा। साथ ही अपनी तैयारी जारी रखनी चाहिए।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पिछले कुछ दिनों में स्वास्थ्य से परेशान लोगों को आज काफी राहत होगी। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घरवालों के साथ ख़ुशी का वातावरण रहेगा। आज किसी बात पर अधिक गौर न करें अन्यथा आपको उलझने होंगी। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। काम में आपका मन लगेगा। बहुत पहले किसी काम के लिए जो आपने लोन लिया था आज उसकी सारी किस्तें जमा करके आप बैंक के कर्ज से मुक्त हो जाएंगे।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। बिजनेस में तरक्की के योग बन रहे हैं। आज अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे, परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। दांपत्य जीवन में सुख शांति बनी रहेगी। राजनीतिक क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें लोग आपका समर्थन करेंगे। लवमेट के बीच पहले से चली आ रही तकरार आज खत्म होगी। एक दूसरे को और बेहतर समझेंगे।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कॉम्पिटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन और अनाज के कारोबारियों को आज अधिक लाभ मिलने की संभावना है। आपके वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। लोग आपके सरल स्वभाव की तारीफ करेंगे।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के टेक्नॉलॉजी के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं, बेहतर रहेगा आप किसी सीनियर से राय ले लें। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा। आपमें कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में दृढ़ता आयेगी।

कन्या राशिःकन्या राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज अनावश्यक विवाद में पडऩे से बचें वरना आपकी उलझनें बढ़ सकती हैं। आज दोस्तों का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। पारिवारिक संबंधों में पहले की अपेक्षा अधिक गहराई और अपनापन आपको महसूस हो सकता है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही समाज में आपको सम्मान बढ़ाएगा। दांपत्य जीवन में रिश्ता पहले से और मजबूत बनेगा।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा जाने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों के बॉस उनकी सैलरी में इन्क्रीमेंट करने घोषणा करेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बना सकते हैं। आपके द्वारा लिए गए निर्णय में परिवार का भरपूर सपोर्ट मिलेगा।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। कार्य क्षेत्र में आपकी कड़ी मेहनत सफलता दिलाएगी जिससे आपके मनोबल में वृद्धि होगी और व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी। होटल रेस्टॉरेंट के बिजनेस में आज सेल दोगुनी होगी। आज शाम आप दोस्तों के साथ डिनर पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आज आपके स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अगर आप चांदी से बना रत्न खरीदना चाहते हैं तो आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज आपका दिन शुभ फलदायक साबित होगा। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। आज आपकी सूझबूझ और मेहनत से पड़ोस में चल रहे काफी पुराने विवाद का निपटारा हो जायेगा। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष बेहतर होगा। अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाएं इससे आप दोनों के बीच भरोसा और अंडरस्टैंडिंग बेहतर होगी। पारिवारिक सुख समृद्धि में बढ़ोतरी होगी।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज आपका दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद कपड़े लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का उसके मनचाहे फील्ड में सेलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज जल्दबाजी के चक्कर में काम गलत हो सकता है। ध्यान से काम करने की आवश्यकता है।

कुम्भ राशिः कुम्भ राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला अनुभव देने वाला रहेगा। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी। आज बड़ों की बात ध्यान से सुनें बात को बीच में न काटें। इस राशि के लव मेट शाम को शॉपिंग पर जायेंगे। दिन मनोरंजन से भरपूर रहेगा। कपड़े के व्यापार में पहले से अधिक लाभ होने के आसार हैं। ग्राहकों के प्रति अपने व्यवहार को मधुर बनाना चाहिए।

मीन राशिःमीन राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेह पूर्वक रहें। आज समझदारी से बातों को समझेंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रदर्शित होंगे। विद्यार्थियों की आज लेखन कार्य में रुचि बढ़ेगी। आप किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। हार्डवेयर के कारोबारियों का काम अच्छा चलेगा। आज कुछ जानकार लोगों से आपकी जान पहचान बढ़ेगी। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी। टेक्निकल क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा।

विदेश

# शहादत -ए - ख़ामनेई: मर के जीना सीखा दिया तूने

तनवीर जाफ़री



पूरे विश्व को अशांति की आग में झोंकने वाले अमेरिका व उसके क्रूर सहयोगी मित्र इस्राईल द्वारा आख़िरकार ईरान पर एक बार फिर युद्ध थोप कर वहां भारी नरसंहार की इबारत लिखी जा रही है। अमेरिका व इस्राईल जैसे परमाणु हथियार रखने वाले देशों का कहना है कि परमाणु हथियार रखना केवल उन जैसे 'जन संहारक' देशों का ही एकाधिकार है। अमेरिका के इशारों पर नाचने से इंकार करने व उसे 'सर्वशक्तिमान ' स्वीकार करने वाले ईरान जैसे देश का तो हरगिज़ नहीं। वैसे तो अब तक ईरान भी परमाणु हथियार बनाने से इंकार करता रहा है। परन्तु इराक़ की ही तरह इसी बात को बहाना बनाकर अमेरिका व इस्राईल ईरान पर टूट पड़े हैं। ईरान से रोज़ाना भारी जनहानि की ख़बरें आ रही हैं। जैसे जैसे युद्ध लंबा होता जा रहा है वैसे वैसे अमेरिका के हौसले पस्त होते जा रहे हैं और वह और भी अधिक आक्रामकता दिखाकर आम लोगों पर बंबारी कर अपनी खीज उतार रहा है। ठीक इसके विपरीत अपने सर्वोच्च गुरु अयातुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई की शहादत जैसी बड़ी क़ुर्बानी देने तथा लगभग 170 स्कूली बच्चियों की शहादत के बाद भी ईरानी जनता का जज़्बा-ए-शहादत और भी सर चढ़ कर बोल रहा है। अमेरिका-इस्राईल के विरुद्ध व मौजूदा ईरानी सत्ता के समर्थन में राजधानी तेहरान सहित ईरान के विभिन्न शहरों में लाखों लोग दिन रात अपने बुलंद हौसलों के साथ ईरानी सैनिकों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। लाखों प्रदर्शनकारी तो शहीद होने के जज़्बे के साथ अपने शरीर पर कफ़न लपेटकर प्रदर्शन करते देखे गये। तेहरान में तो ऐसी ही एक बड़ी रैली पर इस्राईल द्वारा बंबारी भी की गयी। परन्तु ईरानियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं। निःसंदेह अमेरिका व इस्राईल के दबाव में पश्चिमी मीडिया दशकों से यह नरेटिव प्रसारित करता रहा है कि ईरानी सत्ता कट्टरपंथी है,यह सुन्नी जगत को



निगल जाना चाहती है,अरब देशों के लिये ईरान सबसे बड़ा ख़तरा है,केवल अमेरिका ही ईरान से अरब देशों की रक्षा कर सकता है आदि आदि। और अरब देशों को ईरान का ही भय दिखाकर अमेरिका ने मध्य पूर्व के अरब लीग सदस्य देशों में लगभग 15 से 20 के मध्य स्थायी और प्रमुख सुविधाओं वाले सैन्य ठिकाने बना रखे हैं। यहाँ अमेरिकी सैनिकों की तैनाती 40,000 से 50,000 के आसपास है। क़तर,बहरीन,कुवैत,संयुक्त अरब अमीरात,सऊदी अरब,जॉर्डन,इराक़,मिस्र,सीरिया के अतिरिक्त कई छोटे काउंटर-टेररि"बेस भी शामिल हैं। जबकि ओमान जैसे कई देशों में अमेरिका की एक्सेस या पोर्ट सुविधाएं मौजूद हैं, हालांकि यहाँ पूर्ण अड्डे नहीं हैं। इन भारी भरकम सैन्य मौजूदगी के बल पर ही अमेरिका व इस्राईल अधिकांश खड़ी देशों को अपने कुचक्र में उलझाकर उनके तेल भंडारों का अपनी मनमर्ज़ी से ज़बरदस्त दोहन कर रहे थे तथा उनकी सुरक्षा के नाम पर अरब देशों से भरी भरकम वसूली कर रहे थे। इतना ही नहीं बल्कि ईरान का भय दिखाकर ही बड़े ही नियोजित तरीक़े से इन्हीं देशों को अमेरिका व इस्राईल अपने हथियार बेचते रहते थे। परन्तु गत 28 फ़रवरी को पवित्र रमज़ान के महीने में अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर किये गये आक्रमण में और युद्ध छिड़ते ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनेई की शहादत ने न केवल अमेरिका व इस्राईल के अरमानों पर पानी फेर दिया बल्कि पूरे अरब जगत की आँखें भी खोलकर रख दीं। ईरान पहले ही कह चुका था कि यदि उसपर अमेरिका का हमला हुआ तो वह मध्य पूर्व में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनायेगा। क्योंकि इन्हीं सैन्य अड्डों का इस्तेमाल अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान के विरुद्ध किया जा रहा था। लिहाज़ा सामरिक दृष्टिकोण से भी यही सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर थे। और वही हुआ कि अमेरिका-इस्राईल के हमले के जवाब में ईरान ने इन्हीं अमेरिकी सैन्य ठिकानों को सबसे पहले निशाना बनाया। ईरान के दावों के अनुसार नहीं बल्कि द न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित उसके गत 11 मार्च के विश्लेषण के मुताबिक़ मध्य पूर्व में ईरान के हमलों से कम से कम 17 अमेरिकी सैन्य, राजनयिक और वायु रक्षा स्थलों को भारी नुक़्सान पहुंचा है। ये हमले मुख्य रूप से बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब, क़तर और यूएई सहित खाड़ी देशों में स्थित ठिकानों पर किये गये। इनमें अनेक अमेरिकी सैनिक मारे गए व कई घायल हुये। इसके बाद अमेरिका ने उन प्रभावित सैन्य ठिकानों से अपने तमाम सैनिकों को वापस बुला लिया। और जिन अरब देशों की सुरक्षा के नाम पर गत 4 दशकों से ग़लतफ़हमी का शिकार बना रखा था उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका ने अपने नागरिकों को एक एडवाइज़री जारी कर उन्हें सऊदी अरब,संयुक्त अरब अमीरात,कुवैत,क़तर,बहरीन,ओमान,जॉर्डन,मिस्र, लेबनान,यमन,इराक़ तथा सीरिया जैसे देशों को तत्काल छोड़ने की सलाह भी दे दी। अमेरिका द्वारा पीठ दिखाने के बाद पूरा इस्लामी जगत यह सोचने के लिये मजबूर हो गया कि वास्तव में अमेरिका द्वारा जिस ईरान को अरब देशों के लिये ख़तरा बताया जा रहा था वह ईरान नहीं बल्कि ख़ुद अमेरिका ही उनके लिये सबसे बड़ा ख़तरा है। ख़ामनेई की शहादत के बाद जिस तरह पूरे विश्व की अनेक सांसदों व विधानसभाओं में सड़कों व बाज़ारों में ख़ामनेई को श्रद्धांजलि पेश की गयी और साथ ही पूरे विश्व में शिया सुन्नी एकता के जो लहर दिखाई दे रही है उसकी तो अमेरिका ने कल्पना भी नहीं की होगी। आज केवल दुनिया के मुसलमान ही नहीं बल्कि क्रूर व शुद्ध व्यवसायी मानसिकता रखने वाले अमेरिकी साम्राजयवाद से त्रस्त आ चुकी पूरी दुनिया आयतुल्ला ख़ामनेई की शहादत को इसी लिये सलाम कर रही है कि उन्होंने शहीद होकर न केवल विश्वसतर पर शिया सुन्नी की उस खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो अमेरका व इस्राईल द्वारा ही गहरी की गयी थीं बल्कि उन्होंने अमेरिकी के आगे घुटने टेकने से इंकार कर यह भी बता दिया कि ब्रह्माण्ड में सर्वशक्तिमान कोई अमेरिका जैसा देश या उसका कोई सनकी राष्ट्रपति नहीं बल्कि वही है जो 'सबका मालिक' है और वह एक है और वही सबके लिये 'सर्वशक्तिमान' है। आयतुल्लाह ख़ामनेई की शहादत पर श्रद्धांजलि स्वरूप कुंवर महेंद्र सिंह बेदी "सहर " द्वारा कही गयी यह पंक्तियाँ सटीक बैठती हैं - जी के मरना तो सब को आता है। मर के जीना सीखा दिया तूने।।

## सू- दोकू क्र. 343

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.342 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -343

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 342 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

# जिले के युवाओं के लिए पूना परियान-नई उड़ान योजना शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 15 मार्च।** जिला प्रशासन कांकेर द्वारा युवाओं को सेना, पुलिस एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक नई पहल 'पूना परियान-नई उड़ान' योजना शुरू की जा रही है। इस योजना के तहत जिले के युवाओं को सेना, पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों की भर्ती परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी।

यह अभिनव पहल कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर तथा जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी के निर्देशन में संचालित की जा रही है। कार्यक्रम के संचालन में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद और जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) नवनीत पटेल का मार्गदर्शन रहेगा। योजना के अंतर्गत उन



छात्र-छात्राओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा जो पुलिस विभाग में एसआई भर्ती, पुलिस आरक्षक भर्ती, भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती, थल सेना, जल सेना, वायु सेना भर्ती, एनडीए परीक्षा तथा वनरक्षक भर्ती में शामिल होना चाहते हैं। जिला प्रशासन द्वारा इन सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए लिखित परीक्षा के साथ-साथ शारीरिक दक्षता परीक्षण (फिजिकल टेस्ट) की तैयारी भी पूरी तरह निःशुल्क कराई जाएगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य युवाओं को सही मार्गदर्शन और व्यवस्थित प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय सेवाओं में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा युवाओं की दौड़, शारीरिक दक्षता, अनुशासन और मानसिक क्षमता का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में सफल हो सकें।

इस योजना के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। चयन के लिए 01 अप्रैल को सुबह 09 बजे से काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। काउंसिलिंग दो स्थानों पर होगी, जिसमें पहला केंद्र ग्राम चौगेल (मूल्ला), विकासखंड भानुप्रतापपुर में दल्ली रोड पर तथा दूसरा केंद्र जिला मुख्यालय कांकेर के सिंगारभाट स्थित वृहद खेल मैदान परिसर में बनाया गया है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें ओपन जिम, विशाल खेल मैदान, निःशुल्क हॉर्स राइडिंग प्रशिक्षण, विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण, स्विमिंग पुल की सुविधा तथा मानसिक क्षमता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग शामिल है। जिला प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए समय पर पंजीयन कराएं और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

जिला प्रशासन की यह पहल निश्चित रूप से जिले के युवाओं को सेना और पुलिस जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं में करियर बनाने का नया अवसर प्रदान करेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 7389562231 और 6254409251 पर संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### नारंगी वन परिक्षेत्र के जंगल में लगी आग, पहली बार जंगल पंहुचा दमकल वाहन



**कोंडागांव, 15 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के वनमंडल के नारंगी वन परिक्षेत्र में कोंडागांव जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर आरएफ843 के जंगल में लगी आग तेजी से फैलने लगी, जिससे हालात गंभीर हो गए। आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग की टीम लगातार प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार जंगल में रखे लगभग 15 से 20 जलाऊ लकड़ी के चट्टे आग की चपेट में आ गए। आग की तीव्रता को देखते हुए वन विभाग ने आज शनिवार सुबह पहली बार दमकल वाहन को जंगल के अंदर तक पहुंचाकर आग बुझाने का प्रयास किया। इससे पहले जंगल के अंदर दमकल वाहन ले जाने की जरूरत नहीं पड़ी थी। घटना की सूचना मिलते ही संयुक्त डीएफओ, एसडीओ और रेंजर सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच कर आग पर नियंत्रण पाने के लिए लगातार मशक्कत कर रही है। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस समय जंगलों में आग लगने का खतरा अधिक रहता है, यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया तो आस-पास के वन क्षेत्रों और वन्यजीवों को भी नुकसान हो सकता है। फिलहाल वन विभाग की टीम आग बुझाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

### ग्राम पंचायत हारम-2 में उचित मूल्य की दुकान के आबंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 15 मार्च।** कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गीदम द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए विकासखंड गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत हारम-02 में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आबंटन किया जाना है। इस संबंध में विकासखंड गीदम के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हारम-02 के समस्त स्व सहायता समूहों, ग्राम पंचायतों तथा सेवा सहकारी समितियों को सूचित किया गया है कि यदि वे शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन करना चाहते हैं, तो निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के साथ संस्था या समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र, वर्तमान माह से विगत एक वर्ष का बैंक खाते का स्टेटमेंट की छायाप्रति, संस्था अथवा समूह के प्रस्ताव की छायाप्रति, संस्था के अध्यक्षध्प्रबंधक एवं सचिव के आधार कार्ड की छायाप्रति तथा समूह के उपविधि की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। इच्छुक संस्था अथवा समूह अपने आवेदन पत्र समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ दिनांक 27 मार्च 2026 को शाम 5रू00 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गीदम में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### 243 संकुलों में 24,542 विद्यार्थियों का आकलन, 1458 आकलनकर्ताओं ने संभाली जिम्मेदारी

# कांकेर में निपुण भारत मिशन के तहत 24,542 बच्चों का अंतर संकुल एफएलएन मूल्यांकन किया जा रहा






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 15 मार्च।** जिले में प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता और गणितीय दक्षताओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत व्यापक स्तर पर अंतर संकुल स्नस्र्ह (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) मूल्यांकन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के कक्षा 1 से 3 तक के कुल 24,542 छात्र-छात्राओं की पठन, लेखन एवं गणितीय दक्षताओं का गतिविधि आधारित तरीके से आकलन किया जा रहा है।

यह पूरी प्रक्रिया जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री निलेश कुमार क्षीरसागर तथा जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश कुमार मंडावी के निर्देशानुसार संचालित की जा रही है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद और जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) नवनीत कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जिले भर में यह शैक्षणिक गतिविधि प्रभावी ढंग से क्रियान्वित की जा रही है।

जिले के कुल 243 संकुलों में यह मूल्यांकन कार्य आयोजित किया गया है। प्रत्येक संकुल में संकुल प्राचार्य सहित चार आकलनकर्ता, दो पीएलसी सदस्य तथा एक स्नस्र्ह मेंटर की टीम गठित की गई है। इस प्रकार जिले में कुल 1458 आकलनकर्ताओं की सहभागिता से यह व्यापक मूल्यांकन अभियान संचालित हो रहा है।इस आकलन का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों में पढ़ने, लिखने और गणित की मूलभूत क्षमताओं की वास्तविक स्थिति का पता लगाना है, ताकि बच्चों के अधिगम स्तर को समझकर उन्हें बेहतर बनाने के लिए प्रभावी शैक्षणिक रणनीति तैयार की जा सके।

मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान आकलनकर्ता दल द्वारा विद्यालयों का भ्रमण कर विद्यार्थियों की पठन क्षमता, लेखन कौशल तथा संख्यात्मक समझ का परीक्षण किया जा रहा है। यह परीक्षण गतिविधि आधारित पद्धति से किया जा रहा है, जिससे बच्चों की वास्तविक दक्षताओं का आकलन सहज और प्रभावी ढंग से हो सके। प्राप्त आंकड़ों को निर्धारित प्रपत्रों में संकलित कर विद्यालयवार, संकुलवार और विकासखण्ड स्तर पर उनका विश्लेषण किया जाएगा।

इस पहल के माध्यम से उन विद्यार्थियों की पहचान भी की जाएगी जिन्हें पढ़ने-लिखने या गणितीय समझ में अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए विशेष सुधारात्मक शिक्षण योजना तैयार की जाएगी, ताकि वे भी निपुण भारत मिशन के निर्धारित अधिगम लक्ष्यों तक पहुँच सकें। जिला प्रशासन का मानना है कि इस तरह के व्यापक और व्यवस्थित मूल्यांकन से विद्यार्थियों के वास्तविक अधिगम स्तर की स्पष्ट जानकारी प्राप्त होगी। साथ ही शिक्षकों को भी यह समझने में मदद मिलेगी कि किन क्षेत्रों में अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। मूल्यांकन के आधार पर आगामी सत्र के लिए उत्कृष्टता आधारित कार्ययोजना भी तैयार की जाएगी। जिन विद्यालयों का प्रदर्शन बेहतर होगा, उनके सर्वोत्तम शिक्षण अभ्यासों को अन्य विद्यालयों में साझा किया जाएगा, ताकि पूरे जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके।इसके साथ ही स्नस्र्ह दक्षताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में दैनिक पठन अभियान, गणितीय खेल और गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। शिक्षकों के लिए निरंतर प्रशिक्षण, शैक्षणिक मार्गदर्शन और नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

## मन की शक्ति, बस्तर की प्रगति पहल के तहत निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र संचालित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा, 15 मार्च।** बस्तर क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मन की शक्ति, बस्तर की प्रगति पहल के अंतर्गत आमचो बस्तर निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र संचालित किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से समुदाय के लोगों को निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं पर विशेषज्ञ से चर्चा कर सकें।

यह केंद्र शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दंतेवाड़ा के मनोविज्ञान विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। यहां डॉ. दिनेश कुमार लहरी, सहायक प्राध्यापक (मनोविज्ञान) द्वारा लोगों को विभिन्न मानसिक और भावनात्मक समस्याओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

परामर्श के माध्यम से तनाव और चिंता, दैनिक जीवन या शैक्षणिक दबाव से उत्पन्न समस्याएं, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए विशेषज्ञ सलाह दी जाती है। विशेष रूप से विद्यार्थियों और युवाओं के व्यक्तित्व विकास तथा मानसिक सुदृढ़ता के लिए यह पहल उपयोगी सिद्ध हो रही है।

यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग भी आसानी से मनोवैज्ञानिक परामर्श प्राप्त कर सकें। इस पहल का उद्देश्य समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मानसिक समस्याओं से जुड़े सामाजिक संकोच को दूर करना भी है।

मन की शक्ति, बस्तर की प्रगति÷ के संदेश के साथ यह प्रयास इस विश्वास को मजबूत करता है कि जब व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ और सशक्त होगा, तभी वह समाज और क्षेत्र के समग्र विकास में सकारात्मक योगदान दे सकेगा। इस संबंध में परामर्श प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति मोबाइल नंबर 95756-17565 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जिले के किसानों के हित में निःशुल्क बी-1 वितरण एवं वाचन अभियान शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 15 मार्च।** किसानों को उनके भूमि अभिलेखों की जानकारी सरलता से उपलब्ध कराने तथा राजस्व सेवाओं को अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा जिले भर में निःशुल्क बी-1 (खसरा नकल) वितरण एवं वाचन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत किसानों को उनके भूमि अभिलेखों की प्रमाणित प्रति निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की सभी तहसीलों में राजस्व विभाग के अधिकारी, तहसीलदार और पटवारी गांव-गांव जाकर बी-1 का वितरण कर रहे हैं। साथ ही ग्राम स्तर पर बी-1 का वाचन (पढ़कर सुनाने) भी किया जा रहा है, जिससे किसानों को उनके भूमि अभिलेखों की स्पष्ट और सही जानकारी मिल सके। वाचन के दौरान यदि किसी प्रकार की त्रुटि सामने आती है तो उसे नियमानुसार सुधारने की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकेगी।

इस पहल से किसानों को नामांतरण, बैंक ऋण, फसल बीमा तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। जिला प्रशासन ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान को प्राथमिकता के साथ संचालित करें और अधिक से अधिक किसानों तक इसकी जानकारी पहुंचाएं।

कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान किसानों को उनके भूमि अधिकारों के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अपने गांव में आयोजित बी-1 वितरण एवं वाचन कार्यक्रम में शामिल होकर अपने भूमि अभिलेखों की जानकारी प्राप्त करें और इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का आपसी सहमति से हुआ निराकरण

**दंतेवाड़ा, 15 मार्च।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के अंतर्गत किया गया। यह लोक अदालत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा, बीजापुर तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली के साथ-साथ तीनों राजस्व जिलों दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के राजस्व न्यायालयों में एक साथ आयोजित की गई।

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय सदन के सभा कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संतोष कुमार आदित्य द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का आपसी सहमति से समाधान होता है, जिसमें किसी भी पक्षकार की हार नहीं होती।

### विकास की नई इबारत लिखने की तैयारी

# दुर्गम और विषम रास्तों से होकर कलेक्टर पहुंचे सुदूर गांवों तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 15 मार्च।** घने जंगलों और ऊबड़-खाबड़ रास्तों के बीच बसे दंतेवाड़ा के सुदूरवर्ती गांवों में आज विकास की एक नई किरण पहुंची। जिला कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आज प्रशासनिक लाव-लश्कर के साथ किरंदुल से हिरोली होते हुए जिले के सबसे दुर्गम गांवों में से एक पुरंगेल, बड़ेपल्ली एवं बेंगपाल का सघन दौरा किया। यह दौरा महज एक निरीक्षण नहीं, बल्कि उन ग्रामीणों के लिए उम्मीद का संदेश था जो दशकों से बुनियादी सुविधाओं की राह देख रहे थे।

पुरंगेल तक पहुँचने का रास्ता आज भी पगडंडियों और घने वन क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जहाँ आधुनिकता की दस्तक अभी तक थमी हुई थी। जब कलेक्टर अपनी टीम के साथ बाईक से विषम रास्तों को पार कर गांव पहुंचे, तो ग्रामीणों के चेहरों पर झलकी मुस्कान ने इस कठिन सफर की थकान मिटा दी। पुरंगेल, बेंगपाल और बड़ेपल्ली जैसे आश्रित गांवों की स्थिति का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने पाया कि यहाँ की भौगोलिक परिस्थितियाँ विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा हैं।

ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए कलेक्टर श्री ध्रुव ने स्पष्ट किया कि अब इन गांवों की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने मौके पर ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को पुरंगेल तक अविलंब प्राक्कलन तैयार कर सड़क निर्माण करने का आदेश दिया। कलेक्टर का मानना है कि सड़क सिर्फ आवाजाही का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य का द्वार हैय इसीलिए उन्होंने घोषणा की कि सड़क बनते ही यहाँ आंगनवाड़ी और सर्वसुविधायुक्त स्कूल भवनों की स्वीकृति दी जाएगी।

सिर्फ बुनियादी ढांचा ही नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए भी चौतरफा रणनीति बनाई गई है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल के लिए कुंआ, नलकूप और हैंडपंप की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ग्रामीणों को बकरी और सूअर पालन जैसी आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। दूरस्थ क्षेत्रों में रसद की समस्या को देखते हुए इन तीनों गांवों के लिए ऑफलाइन सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

प्रशासन की संवेदनशीलता यहीं नहीं रुकीय कलेक्टर ने घोषणा की कि किरंदुल में एक विशेष शिविर लगाकर ग्रामीणों के बैंक खाते, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जॉब कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाए जाएंगे। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं को घर-तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमें हर 15 दिन में यहाँ स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगी। ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उन्हें फलदार पौधों का वितरण किया जाएगा और गांव के बुजुर्गों को समाज कल्याण विभाग की ओर से जरूरी उपकरण मुहैया कराए जाएंगे।

दौरे के अंत में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है। इस ऐतिहासिक दौरे में जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा और डीएफओ श्री रामाकृष्णा रंगनाधा वाय सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे, जो अब इस दुर्गम क्षेत्र के कायाकल्प की योजना को धरातल पर उतारने में जुट गए हैं।

## जिला स्तरीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 15 मार्च।** जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में कल जिला स्तरीय संवेदनशीलता एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले की महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति प्रेरित करना तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को बताया गया कि किस प्रकार छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना जा सकता है। साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों तथा शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण, बेकरी, मसाला निर्माण, आचार, पापड़ तथा मिलेट आधारित उत्पाद जैसे छोटे उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं, जिनके लिए सरकार द्वारा प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम इस पहल की नोडल एजेंसी है तथा चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दंतेवाड़ा जिले में इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भाग लेकर उद्यमिता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। प्रतिभागियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं और युवाओं को शासकीय योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार प्रारंभ करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### ''स्टेम फार गर्ल्स'' परियोजना के अंतर्गत ''स्टेम लैब'' एवं स्मार्ट क्लासरूम उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 15 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय आवासीय कन्या पोटा केबिन, कारली में ''स्टेम फार गर्ल्स'' परियोजना के तहत ''स्टेम लैब'' एवं स्मार्ट क्लासरूम उन्मुखीकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। जिसमे जिले के 13 चयनित विद्यालयों में से 11 विद्यालयों के कक्षा 6-8 के विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को ''स्टेम लैब'' एवं ''स्मार्ट क्लासरूम'' के प्रभावी उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना तथा कक्षा में हैंड्स-ऑन एवं प्रयोगात्मक अधिगम को बढ़ावा देना था। इस दौरान शिक्षकों को ''स्टेम लैब'' के उपकरणों से विज्ञान प्रयोगों का प्रदर्शन, स्मार्ट टीवी के उपयोग का प्रशिक्षण, हैंड्स-ऑन गतिविधियां, कक्षा नियोजन में एआई का उपयोग तथा पद्मश्री श्री अरविंद गुप्ता के वीडियो का प्रदर्शन किया गया।

# नेशनल लोक अदालत में 6806 लंबित प्रकरणों का निराकरण

## रायगढ़ सहित जिलेभर में 29 खंडपीठों में हुई सुनवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 15 मार्च।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार आज रायगढ़ जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार जैन ने न्यायालयीन सभागार में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रवलित कर किया। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला मुख्यालय रायगढ़ के साथ-साथ तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया, भटगांव और बिलाईगढ़ में भी खंडपीठों का गठन किया गया। इसके अतिरिक्त परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय तथा किशोर न्याय बोर्ड को मिलाकर कुल 29 खंडपीठों का गठन किया गया। रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के राजस्व न्यायालयों में भी खंडपीठों का गठन कर मामलों के निराकरण की प्रक्रिया संचालित की गई।

नेशनल लोक अदालत में लगभग 7867 लंबित प्रकरण तथा करीब 7 लाख प्रीलिटिगेशन प्रकरण राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 6806 लंबित प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों को सुनवाई के लिए रखा गया। इनमें मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत प्रकरण, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण के मामले, सिविल प्रकरण, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 से संबंधित मामले तथा यातायात उल्लंघन के प्रकरण शामिल थे। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कम समय में बड़ी संख्या में मामलों के समाधान से पक्षकारों को त्वरित न्याय मिला और न्यायालयों में लंबित मामलों के बोझ को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई।

नेशनल लोक अदालत के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला न्यायालय रायगढ़ में कार्यरत महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान एवं कार्यनिष्ठा के लिए प्रशस्ति पत्र, स्मारक चिन्ह एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं की कार्यक्षमता, समर्पण और समाज निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की गई।

## समाचार संक्षेप

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रमुख माध्यम थी गौठान योजना: चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भाजपा के गौधाम योजना से पशु पालकों, महिला समूहों को नहीं मिलेगा लाभ

**महासमुंद, 15 मार्च।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांगेस सरकार की महत्वपूर्ण योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बारी के तहत संचालित गौठानों को दुर्भावना पूर्वक बंद कर भाजपा सरकार गौधाम योजना शुरू करने का दिखावा कर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में गौठान ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ और महिला सशक्तिकरण का प्रमुख केंद्र बना था। 'गौठान' गोधन न्याय योजना के तहत 2 रु. प्रतिकिलो में गोबर खरीदकर महिला स्व-सहायता समूह वर्मी कंपोस्ट, अगरबत्ती, दीये, पेंट और अन्य उत्पाद बना रहे थे। यह पहल न केवल पशुपालकों को आय प्रदान करती थी, बल्कि जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण रोजगार का बड़ा जरिया बना था। पूरे प्रदेश में 10 हजार गौठानों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया गया। गाँवों में गौठानों का संचालन ग्राम पंचायतों और महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से किया जाता था।

लेकिन, वर्तमान साय सरकार की गौधाम योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था से कोसो दूर है। इसका लाभ पशु पालकों, महिला समितियों को मिलता नहीं दिख रहा है। साय सरकार इस योजना के संचालन की जिम्मेदारी पंजीकृत गौशाला समितियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, एनजीओ, ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों और सहकारी समितियों देगी। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को इसका किसी प्रकार से लाभ मिलता नहीं दिख रहा है। एनजीओ जैसी संस्थाओं को गौधाम संचालन की जिम्मेदारी देने से केवल कागजों में ही इसका संचालन होगा।

## एक नजर

### घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति, आवक-जावक व वितरण की कड़ी निगरानी

**रायगढ़, 15 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग को रोकने और उपभोक्ताओं को नियमित गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विकासखंडों में राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों का संयुक्त जांच दल गठित किया गया है। खाद्य शाखा रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह जांच दल जिले में संचालित गैस एजेंसियों से उपभोक्ताओं को घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति, दैनिक आवक-जावक और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखेगा। साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी जांच की जाएगी, ताकि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग या अन्य प्रकार का दुरुपयोग रोका जा सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी संयुक्त जांच दल अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों की नियमित जांच करें तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के उपयोग की जांच भी करें। यदि कहीं घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग या अन्य दुरुपयोग पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी में मधुमक्खी पालन पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण 16 से

**धमतरी 15 मार्च (मुख्य नगर संवाददाता)।** किसानों की आय बढ़ाने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी द्वारा मधुमक्खी पालन विषय पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 16 मार्च से 21 मार्च 2026 तक कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के किसानों को मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीकों, मधुमक्खियों के प्रबंधन, शहद उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन से अतिरिक्त आय अर्जित करने के व्यावहारिक तरीके भी बताए जाएंगे, जिससे किसान कम लागत में बेहतर लाभ प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए कुल 25 किसानों के लिए ही सीट आरक्षित रखी गई है। ऐसे किसान जो मधुमक्खी पालन शुरू करना चाहते हैं या इस क्षेत्र में अपनी जानकारी और कौशल बढ़ाना चाहते हैं, वे इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए पंजीयन करा सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी के अधिकारियों ने इच्छुक किसानों से समय पर पंजीयन कराने की अपील की है, ताकि वे प्रशिक्षण का लाभ लेकर मधुमक्खी पालन को आजीविका के एक बेहतर विकल्प के रूप में अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। प्रशिक्षण से संबंधित अधिक जानकारी के लिए डॉ. संदीप मेश्राम से मोबाइल नंबर 91111-08001 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गौधाम योजना का किया शुभारंभ

# योजना से निराश्रित गौवंश को मिलेगा सुरक्षित आश्रय, होगी समुचित देखभाल

- प्रत्येक विकासखंड में स्थापित होंगे गौधाम, आधारभूत सुविधाओं की होगी व्यवस्था
- गौवंश के पोषण आहार और संचालन के लिए सरकार देगी वित्तीय सहायता
- गौधाम योजना से सड़कों पर घूमने वाले पशुओं की समस्या में आएगी कमी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 15 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम से राज्य में निराश्रित एवं घुमंतू गौवंश के संरक्षण और उनके समुचित व्यवस्थापन के उद्देश्य से गौधाम योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां मुख्यमंत्री के विशेष संबोधन का लाइव प्रसारण देखा गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की जा रही गौधाम योजना का उद्देश्य प्रदेश में बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना, उनके संरक्षण को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि गोधन हमारी ग्रामीण संस्कृति, कृषि व्यवस्था और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला स्तरीय गौधाम समिति के अध्यक्ष बंशीधर बेहरा, जिला पंचायत सदस्य सुषमा खलखो, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुजाता चौहान, उपाध्यक्ष राम श्याम डनसेना, सदस्य हेमंत डनसेना, दुर्गेश पटेल, विकासखंड रायगढ़ गौधाम अध्यक्ष हुकुम सिंह यादव, विकासखंड तमनार गौधाम अध्यक्ष भीमसेन बेहरा सहित गौधाम समिति के अन्य सदस्यगण, अशोक गुप्ता, रमेश कुमार कुंभकार, रोमेश दास, पूनम द्विवेदी, बंशीधर पटेल, जी.आर. चौहान, मुकेश पटनायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पशुधन विकास विभाग के उप संचालक एस.के. सिंह तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और पशुपालक किसान उपस्थित रहे।

गौधाम समिति के जिला अध्यक्ष बंशीधर बेहरा ने कहा कि बदलती जीवनशैली और शहरीकरण के कारण कई स्थानों पर गौवंश निराश्रित होकर सड़कों पर घूमते दिखाई देते हैं। ऐसे में गौवंश के संरक्षण, देखभाल, भोजन, उपचार और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था करना समाज और शासन दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। गौधाम की स्थापना से निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा, जहां उनके लिए चारा, पानी, चिकित्सा और देखभाल की समुचित व्यवस्था की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य सुषमा खलखो ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। गौधाम योजना निराश्रित और घुमंतू गौवंश के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पशुपालकों और किसानों को भी लाभान्वित कर रही है। जनपद पंचायत अध्यक्ष सुजाता चौहान ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में प्राचीन काल से ही गौ माता को अत्यंत पूजनीय माना गया है। हमारे धार्मिक ग्रंथों और परंपराओं में गौ को माता का दर्जा दिया गया है और सदियों से समाज में गौ सेवा और गौ संरक्षण की परंपरा चली आ रही है।

पशुधन विकास विभाग के उप संचालक एस.के. सिंह ने बताया कि गौधाम योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड में 10 गौधाम स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन गौधामों में शेड, फेंसिंग, पेयजल, बिजली जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिले से गौधाम की स्थापना के लिए 20 समितियों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिनमें से 12 समितियों का पंजीयन प्रक्रियाधीन है। पंजीयन पूर्ण होने के पश्चात शीघ्र ही गौधामों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा।

गौधाम योजना के अंतर्गत गौवंश के पोषण आहार के लिए पहले वर्ष 10 रुपये प्रतिदिन प्रति पशु, दूसरे वर्ष 20 रुपये, तीसरे वर्ष 30 रुपये और चौथे वर्ष से 35 रुपये प्रतिदिन की सहायता दी जाएगी। अधोसंरचना निर्माण एवं मरम्मत के लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया है। चरवाहों को 10, 916 रुपये तथा गौसेवकों को 13, 126 रुपये प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा। गौधामों में चारा विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रति एकड़ 47 हजार रुपये वार्षिक सहायता का प्रावधान है तथा अधिकतम 5 एकड़ भूमि तक 2.35 लाख रुपये प्रतिवर्ष सहायता दी जाएगी। प्रत्येक गौधाम में लगभग 200 गौवंश रखने की व्यवस्था निर्धारित की गई है। इस योजना के लागू होने से सड़कों और गांवों में घूमने वाले निराश्रित पशुओं की समस्या में कमी आएगी तथा गौवंश संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## सब्जी उत्पादन से आत्मनिर्भर बनीं सविता राठिया, नियमित आय का बना मजबूत साधन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**60** हजार रुपये की राशि से शुरू की आजीविका गतिविधि

**रायगढ़, 15 मार्च।** विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत बंगरसूता की सविता राठिया ने मेहनत और लगन से आजीविका का नया रास्ता तैयार कर लिया है। साग-सब्जी की खेती कर वे न केवल अपने परिवार की आय बढ़ा रही हैं, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन रही हैं। सविता राठिया पहले घर की जिम्मेदारियों तक ही सीमित थीं और उन्हें घर से बाहर निकलकर काम करने का ज्यादा अवसर नहीं मिल पाता था। लेकिन स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने अपनी आजीविका को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। अपने कार्य को विस्तार देने के लिए उन्होंने 60 हजार रुपये की सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) प्राप्त की और इस राशि से साग-सब्जी उत्पादन शुरू किया। आज सविता अपने खेत में विभिन्न प्रकार की हरी सब्जियों का उत्पादन कर स्थानीय बाजार में बिक्री कर रही हैं। इससे उन्हें नियमित आय प्राप्त हो रही है और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उनकी मेहनत से परिवार की जरूरतें पूरी होने के साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ा है। सविता राठिया का कहना है कि खेती और छोटे स्तर के आजीविका कार्य भी यदि योजनाबद्ध तरीके से किए जाएं तो बेहतर आय का माध्यम बन सकते हैं। उनकी यह पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है।

## जिले में गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग के दिन ही सिलेंडर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 15 मार्च।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने जिले में संचालित समस्त गैस एजेंसी संचालकों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में खाद्य विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले की सभी गैस एजेंसियों में घरेलू गैस सिलेण्डर की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि जिले में पंजीकृत समस्त घरेलू गैस उपभोक्ताओं की आवश्यकता के अनुरूप एजेंसियों में सिलेण्डर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

अपर कलेक्टर टोप्पो ने एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि विशेषकर शहरी क्षेत्रों में गैस प्राप्त करने हेतु उपभोक्ताओं की लगने वाली लंबी कतारों को व्यवस्थित एवं नियंत्रित किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि उपभोक्ताओं द्वारा ऑनलाइन बुकिंग अथवा डीएससी जिस दिनांक को सफल होती है, उसी दिनांक को अनिवार्य रूप से गैस सिलेण्डर का वितरण किया जाए। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अनावश्यक रूप से परेशान न हों।

# वन विभाग ने अवैध रूप से संचालित कुसमुरा स्थित उमाशंकर सॉ मिल को किया सील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 15 मार्च।** जिले में अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों के विरुद्ध वन विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज अवैध सॉ मिल संचालन की सूचना प्राप्त होने पर वनमंडलाधिकारी रायगढ़ के निर्देश पर उपवनमंडलाधिकारी रायगढ़ के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम का गठन कर ग्राम कुसमुरा स्थित उमाशंकर सॉ मिल पर छापामार कार्रवाई की गई। छापे के दौरान सॉ मिल संचालित अवस्था में पाई गई तथा परिसर में बड़ी मात्रा में काष्ठ (लकड़ी) भी पाया गया। टीम द्वारा सॉ मिल संचालक से सॉ मिल का लाइसेंस, वनोपज से संबंधित दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर, निवर्तन रजिस्टर एवं आवक रजिस्टर प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु संचालक द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। जांच के दौरान सॉ मिल संचालक द्वारा काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 की धारा 4, 7, 9 एवं 10 का उल्लंघन पाया गया। इस पर वन विभाग ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सॉ मिल को सील कर दिया और आगे की वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि अवैध सॉ मिल संचालन एवं वनोपज से संबंधित नियमों के उल्लंघन के मामलों में आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### आईटीआई कुरूद में प्रशिक्षक के लिए आवेदन 27 मार्च तक

**धमतरी 15 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कुरूद में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत संचालित लाईट व्हीकल ड्राईवर प्रशिक्षण के लिए एक प्रशिक्षक की जरूरत है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के इच्छुक आवेदक आगामी 27 मार्च तक अपना बायोडाटा के साथ आवेदन आईटीआई कुरूद में जमा कर सकते हैं। आवेदक को मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण तथा भारी वाहन चालक का 11 वीं कक्षा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण एवं ड्राइवर कम मैकेनिक अथवा मैकेनिक मोटर व्हीकल कोर्स में आईटीआई उत्तीर्ण प्रमाण पत्र या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, आटोमोबाईल इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि उत्तीर्ण के साथ लाईट मोटर यान का वैध लाइसेंस अनिवार्य है।

## आजीविका मिशन से बदली तस्वीर: चर्रा की योगेश्वरी बनीं महिला सशक्तिकरण की प्रेरणा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 15 मार्च।** दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार, प्रशिक्षण, वित्तीय सहयोग और बाजार से जोड़ने का अवसर मिल रहा है। परिणामस्वरूप कई महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रही हैं। ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी धमतरी जिले के विकासखंड कुरूद के ग्राम चर्रा की योगेश्वरी देवांगन की है, जो आजीविका मिशन से जुड़कर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर पाईं, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। आजीविका मिशन के तहत कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में योगेश्वरी देवांगन, अध्यक्ष जय माँ परमेश्वरी स्वयं सहायता समूह ग्राम चर्रा का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित छठवें जेण्डर संवाद के लिए किया गया था। इस संवाद में वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लैंगिक निवेश क्यों आवश्यक है विषय पर अपने अनुभव साझा किए।

## सीएचसी पुसौर में एनक्यूएएस के तहत मूल्यांकन, राज्य व राष्ट्रीय स्तर की टीम पहुंची

# व्यवहार तथा आपातकालीन सेवाओं की तत्परता का किया गया परीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 15 मार्च।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के अंतर्गत रायगढ़ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर में 13 एवं 14 मार्च 2026 को दो दिवसीय मूल्यांकन किया गया। इस दौरान राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर से पहुंचे मूल्यांकन दल ने अस्पताल की व्यवस्थाओं और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तृत निरीक्षण किया।

मूल्यांकन दल में राष्ट्रीय स्तर से नामित डॉ. अनिल कुमार एवं निरल कुजूर शामिल थे। वहीं राज्य स्तर से डॉ.देवेन्द्र गुर्जर शामिल थें। टीम ने अपने दौरे की शुरुआत परिचय बैठक से की, जिसमें अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों से चर्चा कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान टीम ने अस्पताल में उपचार के लिए आए मरीजों से भी सुविधाओं के संबंध में प्रतिक्रिया प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और मरीजों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही अस्पताल भवन, शल्य कक्ष, प्रसव कक्ष, बाह्य रोगी विभाग, अंतः रोगी विभाग, टीकाकरण कक्ष, हमर प्रयोगशाला, एक्स-रे कक्ष, औषधि भंडार, रेफरल व्यवस्था, नर्सिंग स्टाफ की कार्यप्रणाली, मरीजों के साथ व्यवहार तथा आपातकालीन सेवाओं की तत्परता का भी परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतीक्षालय और शौचालयों की स्थिति, मरीजों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सभी भौतिक सुविधाओं का भी बारीकी से अवलोकन किया गया।

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का उद्देश्य शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावशीलता को बढ़ाना है, जिससे मरीजों को बेहतर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। इस क्रम में टीम द्वारा मरीज पंजी, दवा भंडार, प्रयोगशाला व्यवस्थाएं, अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र, जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन, हाथ स्वच्छता, संक्रमण की रोकथाम तथा मरीज सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं का मूल्यांकन किया गया। साथ ही आवश्यक अभिलेखों और दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया। दौरे के दूसरे दिन समापन बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद नायक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक नवीन शर्मा तथा पुसौर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार नायक ने मूल्यांकन दल, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा अस्पताल के सभी डॉक्टरों, नर्सों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एनक्यूएएस का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में मरीजों को सुरक्षित, स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इस प्रकार के मूल्यांकन से स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने का अवसर मिलता है।

## एक नजर

### खनिज न्यास संस्थान अंतर्गत स्वीकृत कार्यों पर चर्चा के बादं किया गया अनुमोदन

**राजनांदगांव 15 मार्च।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, खुज्जी विधायक श्री भोलाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, विधायक प्रतिनिधि श्री संतोष अग्रवाल एवं वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन उपस्थित थे। बैठक में वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना, डीएमएफनियमों में हुए संशोधन तथा प्रभावित क्षेत्रों के निर्धारण सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा डीएमएफ नियमों में संशोधन किया गया है, जिसके अनुसार अब खनन वाले जिले को ही डीएमएफ निधि प्राप्त होगी। साथ ही खनन क्षेत्र से 15 किलोमीटर तक के क्षेत्र को प्रत्यक्ष प्रभावित तथा 25 किलोमीटर तक के क्षेत्र को अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इसी आधार पर राजनांदगांव जिले के प्रभावित ग्रामों की सूची तैयार कर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया गया कि डीएमएफ निधि का 70 प्रतिशत हिस्सा उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास आदि पर व्यय किया जाएगा और शेष राशि अन्य आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्यों पर खर्च की जा सकेगी। कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ निधि का उपयोग पारदर्शिता के साथ करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के हित में अधिक से अधिक विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व लंबित प्रस्तावों और स्वीकृत कार्यों के अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।



**तिल्दा-नेवरा 15 मार्च।** बीजेपी महिला मोर्चा तिल्दा नेवरा मंडल शहर की रानी सौरभ जैन पार्षद को भारतीय जनता पार्टी के संगठन एव जिला रायपुर के ग्रामीण अध्यक्ष की सहमति से रायपुर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रश्मि वर्मा ने नगर की सक्रिय पार्षद रानी जैन को भारतीय जनता महिला मोर्चा की तिल्दा नेवरा इकाई की अध्यक्ष नियुक्ति के बाद आशीर्वाद लेने ओर धन्यवाद देने रायपुर में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया



**तिल्दा-नेवरा 15 मार्च।** ग्राम कोनारी (ख़म्हारिया) में पूजा महिला ग्राम संगठन द्वारा कराए जा रहे महिला सशक्ति करण सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति व भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण महिला मोर्चा महामंत्री स्वाति वर्मा जी , जिला पंचायत सभापति शैल साहू जी , तिल्दा नेवरा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा जी ( जिनका गृह ग्राम खम्हारिया कोनारी है ) ,भाजपा मंडल अध्यक्ष तिल्दा शहर मनोज निषाद जी , भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज साहू जी , कोनारी के ऊर्जावान उपसरपंच प्रदीप वर्मा जी ( पूर्व सैनिक ) उपस्थित रहे ।

# वीबीजी रामजी से मज़बूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था : नीलम



- चंदेनार में भाजपा किसान मोर्चा ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 15 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत चंदेनार में पहुंचकर वीबीजी रामजी विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन के तहत एक जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया। साथ ही इस योजना से गांव में खोदे जा रहे तालाबों का अवलोकन भी किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला शक्ति और युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रमेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस मिशन के अंतर्गत श्रमिकों को अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी प्रदान की जाएगी तथा मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक

या कार्य पूर्ण होने के अधिकतम 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। रु योजना के अंतर्गत ग्राम स्तर पर लिए गए निर्णयों को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी विकास कार्य ग्राम सभाओं द्वारा तैयार और अनुमोदित किए जाएंगे, जिससे गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री नीलम ठाकुर ने कहा कि 125 दिनों के रोजगार की नई व्यवस्था विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी और इससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

वहीं मोर्चा उपाध्यक्ष जलंधर नाग ने कहा कि इस मिशन के तहत जल सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका संवर्धन और आपदा निवारण जैसे चार प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही तकनीक के माध्यम से ग्राम सभाओं को सशक्त बनाकर विकसित ग्राम पंचायत की अवधारणा को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ शासन ने गौ माता की पीड़ा को समझा

# ताराशिव में गौधाम योजना का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**तिल्दा नेवरा 15 मार्च।** जिला प्रशासन रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा आज तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत ताराशिव में गौधाम योजना का शुभारंभ किया गया जिनमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर नवीन अग्रवाल ने राधा कृष्ण भगवान और गौ माता की पूजा करके गौधाम का शुभारंभ किया गया नवीन अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ शासन ने गौ माता की पीड़ा को समझा और आज गौ धाम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में किया गया और आज गौ माता को संरक्षण देने का काम किया जो आज ऐतिहासिक रहा साथ ही आए हुए सभी ग्रामीण पशुपालकों को बधाई दिया गया । साथ ही संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं रायपुर से डा शंकर लाल उइके ने गौ धाम योजना की विस्तृत जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में अन्य अतिथि रूप में जनप्रतिनिधि के रूप में आए लोमश कुमार यदु जिला रायपुर अध्यक्ष गोधाम समिति, श्रीमती स्वाति वर्मा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सेल महेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य,श्रीमती सरोज चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र वर्मा तुलसीराम गौतम कुंज लाल वर्मा श्रीमती चंद्रकला वर्मा श्रीमती सुनीता अनिल सोनी सुमित सेन श्रीमती पूर्णिमा वर्मा मनीष वर्मा डॉ आरके वर्मा मनोज निषाद श्रीमती सोना वर्मा देवेंद्र वर्मा आशुतोष देवांगन एसडीम डॉ शंकरलाल उइके संयुक्तसंचालक रवि कुमार सीओ श्री दंडोतिया एस एडीओ,डॉ रामस्वरूप वर्मा डॉ कोसरिया डॉ ललित साहू डॉ श्रीमती रश्मि गुप्ता मनीष वर्मा शैलेंद्र टंडन अशोक कश्यप गजाधर वर्मा मनीष साहू राज नारायण यादव झरना साहू भूषण देवांगन कोमल साहू भूपेंद्र वर्मा इन सभी आज गौ धाम शुभारंभ की अवसर पर उपस्थित थे। आभार व्यक्त करते हुए हमारे शिवा गौ धाम योजना समिति ताराशीव के अध्यक्ष मुकेश शर्मा के द्वारा किया गया। तिल्दा ब्लॉक में इस योजना के शुभारंभ का प्रचार प्रसार नहीं किया गया बल्कि आयोजकों ने सीमित संख्या में इस का आयोजन कर लिया गया । प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव सहाय ने इस योजना की शुरुवात सभी स्थानों पर वीडियो कॉन्फ्रेस से की लेकिन बताया जाता है यहां जनता ओर आस पास के किसान ग्रामीणों की संख्या कम दिखी जो चर्चा का मुद्दा बन गया है

## तिल्दा नेवरा में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है गणगौर पर्व, शहर में दिखी भक्ति और संस्कृति की झलक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 15 मार्च।** तिल्दा नेवरा में गणगौर पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं और युवतियों ने माता गौरी और भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पारंपरिक रीति-रिवाजों, लोकगीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्सव का उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिल रहा है गणगौर महोत्सव 16दिन होली के दूसरे दिन से मारवाड़ी समाज की युवती महिलाएं सुबह शाम गणगौर माता की पूजा कर पर्व मनाती है

#### पारंपरिक पूजा-अर्चना

गणगौर के अवसर पर महिलाओं ने माता गौरी की विधि-विधान से पूजा कर दांपत्य सुख और परिवार की समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर सामूहिक पूजा और लोकगीतों की गूंज सुनाई दी।

#### सांस्कृतिक माहौल और उत्साह

तिल्दा नेवरा में उत्सव के दौरान पारंपरिक परिधान, सजावट और लोकगीतों ने पूरे शहर को उत्सवी रंग में रंग दिया। युवतियों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और खास बना दिया।

#### सामाजिक एकता की झलक

गणगौर पर्व ने शहर में आपसी भाईचारे और सामुदायिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया। विभिन्न मोहल्लों और सामाजिक संगठनों ने मिलकर इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया।

#### . बाजारों में रौनक

त्योहार के कारण स्थानीय बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। पूजा सामग्री, पारंपरिक वस्त्र और सजावट की वस्तुओं की खरीदारी से बाजारों में चहल-पहल बढ़ी।

#### जनता पर प्रभाव

यह पर्व क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखता है। सामूहिक उत्सव से समाज में एकता और सकारात्मक माहौल बनता है। स्थानीय व्यापार और बाजारों को भी बढ़ावा मिलता है। तिल्दा नेवरा में गणगौर पर्व धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकता का सुंदर उदाहरण बनकर सामने आया। उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है यह पर्व शहर की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करता है।

# मिलेनियम हाई-टेक में मजदूरों का शोषण

- तिल्दा की 'मिलेनियम हाई-टेक' कंपनी में मज़दूरों का बुरा हालः 12 घंटे काम और न्यूनतम वेतन से भी कम भुगतान का आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा15 मार्च।** क्षेत्र के औद्योगिक इलाके में स्थित 'मिलेनियम हाई-टेक' कंपनी इन दिनों विवादों के घेरे में है। कंपनी प्रबंधन पर मज़दूरों के साथ अमानवीय व्यवहार और उनके श्रम अधिकारों के खुले उल्लंघन के गंभीर आरोप लगे हैं। मज़दूरों का कहना है कि वे आधुनिक गुलामी जैसी स्थितियों में काम करने को मजबूर हैं।

**शोषण की मुख्य कड़ियाँ :** आर्थिक अन्यायः मज़दूरों का आरोप है कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मज़दूरी भी नहीं दी जा रही है। मेहनत के बदले मिलने वाला वेतन इतना कम है कि परिवार का गुजारा करना नामुमकिन हो गया है।

काम के घंटों का उल्लंघनः नियमों के मुताबिक 8 घंटे की ड्यूटी की जगह, मज़दूरों से जबरन 11 से 12 घंटे तक काम लिया जा रहा है, जिसका कोई अतिरिक्त भुगतान भी नहीं मिलता। अस्वास्थ्यकर वातावरण कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की भारी कमी है। मज़दूरों को असुरक्षित और गंदगी भरी परिस्थितियों में काम करना पड़ रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

**प्रशासनिक ढिलाई और जिम्मेदारः** इस मामले में सबसे बड़ा सवाल कंपनी प्रबंधन की संवेदनहीनता पर उठ रहा है। मज़दूरों का सवाल है कि क्या प्रशासन को इन स्थितियों की जानकारी नहीं है? क्षेत्र के श्रमिक संगठनों ने माँग की है कि सरकार को तुरंत इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करना चाहिए और कंपनी की कार्यप्रणाली की जाँच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। मिलेनियम हाई-टेक का यह मामला क्षेत्र के औद्योगिक विकास के पीछे छिपे काले सच को उजागर करता है। अब देखना यह होगा कि श्रम विभाग और स्थानीय प्रशासन इन मज़दूरों को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

### महतारी वंदन योजना से मिल रहा संबल

**कांकेर, 15 मार्च।** कांकेर जिला से लगे ग्राम सिंगारभाट खुंटापारा निवासी श्रीमती चित्ररेखा विश्वकर्मा के लिए महतारी वंदन योजना आर्थिक सहारा बनकर सामने आई है। उन्होंने बताया कि उन्हें इस योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाली राशि से घर के आवश्यक खर्चों के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई में भी मदद मिल रही है। श्रीमती चित्ररेखा विश्वकर्मा ने बताया कि वे महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का उपयोग राशन खरीदने और बच्चों के लिए कापी-पुस्तक खरीदने में करती हैं। उनके दो बच्चे हैं, जिनमें एक बच्ची आठवीं कक्षा में पढ़ रही है, जबकि दूसरा बच्चा दसवीं कक्षा तक पढ़ाई कर चुका है।

# भक्त माता कर्मा जयंती पर निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग हुए शामिल ,जयकारों से गूंजा नगर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 15 मार्च।** नगर में भक्त माता कर्मा जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। भक्त माता कर्मा के जयकारों से पूरा नगर गूंजायमान हो गया।

साहू समाज नगरी के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह जुलूस ग्रामीण साहू समाज भवन से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए साहू सदन तक पहुंचा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। खासकर महिलाओं की भागीदारी आकर्षण का केंद्र रही। महिलाएं पीले रंग के वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थीं, जिससे जुलूस का धार्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप और भी भव्य दिखाई दिया। पूरे रास्ते भर भक्त माता कर्मा के जयकारे लगाए जाते रहे, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा



नजर आया। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान पांघर क्रमांक 27 की ओर से श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी प्रसादी और शरबत का वितरण किया गया, जिसे लोगों ने श्रद्धा के साथ ग्रहण किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के नेतृत्व में सभी पार्षदों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर समाजजनों का स्वागत किया। नगर के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। भक्त माता कर्मा जयंती के आयोजन ने नगर में सामाजिक एकता, आस्था और सांस्कृतिक परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और उत्साह का माहौल बना रहा।

### नवागढ़ की प्राचीन धरोहरों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार सजग

**रायपुर, 15 मार्च।** छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कोंडागांव जिले के नवागढ़ क्षेत्र में प्राप्त प्राचीन पुरातात्विक अवशेषों के संबंध में त्वरित संज्ञान लिया है। मंत्री श्री अग्रवाल ने पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय को निर्देशित किया है कि नवागढ़ क्षेत्र में उपलब्ध प्राचीन प्रतिमाओं और अन्य पुरातात्विक अवशेषों का विशेषज्ञ दल के माध्यम से शीघ्र स्थल निरीक्षण एवं विस्तृत सर्वेक्षण कराया जाए।


## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं KHUSHBU THAKRE D/O NIRANJAN THAKRE निवासी 8/1983 VIKAS NAGAR GUDHIYARI, RAIPUR (C.G) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम KHUSHABU THAKRE D/O NIRANJAN THAKRE रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम KHUSHABU THAKRE D/O NIRANJAN THAKRE से ही जाना पहचाना जाए।

**KHUSHABU THAKRE D/O NIRANJAN THAKRE 8/1983 VIKAS NAGAR GUDHIYARI, RAIPUR (C.G.)**


प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि नगरी में

# महिला दिवस पर 100 से अधिक महिलाओं का सम्मान किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 15 मार्च।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ÷वंदे मातरम् स्वर्णिम भारत÷ विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली लगभग 100 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सभापति नगरी एवं प्रदेश महिला मोर्चा मन की बात की सह प्रभारी श्रीमती प्रेमलता नागवंशी उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथियों में डॉ. तारिणी साहू (मेडिकल ऑफिसर, सिविल अस्पताल नगरी), श्रीमती मीनाक्षी रामटेके (प्राचार्य, गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल नगरी), श्रीमती सुनीता सूर्यवंशी (कृषि विस्तार अधिकारी नगरी), श्रीमती अलका गजपाल (अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन नगरी), सुश्री शकून कश्यप (सेवानिवृत्त प्रधान पाठक), श्रीमती दुर्गेश नंदिनी सोम (आरक्षक नगरी) और श्रीमती शैल नेताम (महिला प्रमुख ध्रुव समाज नगरी) शामिल रहीं। कार्यक्रम में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन, ब्रह्माकुमारी कमलेश्वरी बहन, संस्था के भाई-बहन एवं अंचल से बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत परमपिता शिव परमात्मा को स्मरण कर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं के सम्मान में ब्रह्माकुमार पिताम्बर भाई ने गीत प्रस्तुत किया। सभा को संबोधित करते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज महिलाएं राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और खेल सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने आध्यात्मिक संस्कार और आंतरिक शक्ति से समाज में शांति, प्रेम और सद्भाव की स्थापना कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि परमपिता शिव परमात्मा की प्रेरणा से ब्रह्माकुमारी संस्थान विश्व के 140 से अधिक देशों और 8000 से अधिक सेवाकेंद्रों के माध्यम से आध्यात्मिक जागृति का संदेश दे रहा है।

मुख्य अतिथि श्रीमती प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि पहले महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से कमजोर मानी जाती थीं, लेकिन आज महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं ऑटो रिक्शा से लेकर पायलट तक और पंच से लेकर पार्लियामेंट तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। डॉ. तारिणी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष और शक्ति का प्रतीक है। इस दिन हमें महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। इसी क्रम में श्रीमती सुनीता सूर्यवंशी ने कहा कि नारी का हर दिन विशेष होता है, क्योंकि वह सुबह से शाम तक अपने परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करती है। वहीं सुश्री शकून कश्यप ने कहा कि महिला दिवस की शुरुआत महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और नैतिक समानता दिलाने के उद्देश्य से हुई थी और आज महिलाएं पृथ्वी से अंतरिक्ष तक अपनी उड़ान भर रही हैं। श्रीमती अलका गजपाल ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने माताओं से बच्चों को संस्कारवान और चरित्रवान बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं अंचल से आई महिलाओं को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निशा बहन द्वारा किया गया।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/1527/लो.नि.शा./न.पा.प./2026 कांकेर, दिनांक 12/03/2026

### -::प्रथम मेनुअल निविदा आमंत्रण सूचना::-

नगरपालिका परिषद् कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु निर्धारित प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग में प्रचलित सड़क/भवन एस.ओ.आर. के प्रचलित दर पर निकाय क्षेत्रांतर्गत स्वीकृत कार्यों हेतु पंजीकृत डाक/पोस्ट से त्रि-लिफाफा पद्धति से सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैः-

01- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24/03/2026 समय संध्या 5.30 बजे।
02- निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 25/03/2026 को समय संध्या 5.30 बजे तक।
03- निविदा प्रपत्र मुहरबंद लिफाफा में जमा करने की तिथि 02/04/2026 समय संध्या 4.00 बजे तक।
04- निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि 02/04/2026 को समय संध्या 5.00 बजे।
05- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | शीतला तालाब के किनारे हाईमास्ट लाईट एवं पौधारोपण कार्य सह चेयर स्थापना कार्य। | 9.90 | 7500/- | 750/- | 04 माह |
| 02 | राजपूत क्षत्रिय समाज सामाजिक भवन निर्माण कार्य। | 9.90 | 7500/- | 750/- | 04 माह |

टीप- निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है अथवा वेब पोर्टल http://uad.cg.gov.in से डाउन लोड किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कांकेर**



# रात में ओस में भीगकर, चाँद को ऐसी सर्दी लगी... सारा दिन धूप में बैठकर, अपने कपड़े सूखाता रहा...

आदिवासी राष्ट्रपति के करकमलों से जब नए संसद भवन का उदघाटन नहीं कराया जाता और राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित नहीं किया जाता तब उनका अपमान नहीं होता है...? जब पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा के बुजुर्ग नेता आडवाणी कुर्सी पर बैठे रहें..राष्ट्रपति महोदया हाथ बांधे खड़ी हों तब भी उनका अपमान नहीं होता है, लेकिन जब राष्ट्रपति विशेष रूप से किसी विपक्षी राज्य में जायें और वहां सीएम उनका स्वागत न करें तब उनका और समस्त आदिवासी समाज का अपमान कैसे होता है ? जब राष्ट्रपति महोदया भाजपा शासित राज्यों में जाती हैं उन राज्यों (हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश) के सीएम उनकी अगवानी, स्वागत नहीं करते हैं तब उनका अपमान नहीं होता है पर जब एक विपक्षी राज्य की सीएम जो भाजपाई चुनाव आयोग की मनमानियों के विरुद्ध धरने पर बैठी हों और राष्ट्रपति महोदया की अगवानी और स्वागत न करें तो उनका अपमान कैसे हो गया.....? एक राष्ट्रपति को जो एक लोकतांत्रिक देश का सर्वोच्च संवैधानिक प्रमुख है, किसी राज्य के सीएम के स्वागत में नहीं पहुंचने से क्या गरिमा को ठेस पहुंच सकती है.....?

### अमित कुमार केंद्र में एडीजी इम्पेनल...

छत्तीसगढ़ के खुफ़िया प्रमुख अमित कुमार केंद्र में एडीजी इम्पेनल हो गये हैं, इसका मतलब है कि अब यदि वे प्रतिनियुक्ति पर केंद्र में जाते हैं तो एडीजी के पद पर ही जाएँगे।1998 बैच के आईपीएस अमित, बीजापुर, राजनांदगांव, जांजगीर, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में एसपी रह चुके हैं तो करीब 12 साल प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई में रहे, संयुक्त संचालक पालिसी के महत्वपूर्ण पद पर रह चुके हैं, 2028 में अपनी आईपी एस की नौकरी के 30 साल पूरे होने पर वे डीजीपी के स्वाभाविक दावेदार भी हो जाएंगे। वैसे 30 साल की सर्विस के पहले ही छग में ए. एन. उपाध्याय डीजीपी बन चुके हैं। छग में वर्तमान में प्रभारी डीजीपी अरुणदेव गौतम के स्थायी होने के बाद 2 साल की पदस्थापना रहेगी और उनके बाद अमित कुमार की दमदार दावेदारी रहेगी।



### लगभग 13 करोड़ मूल्य के अफीम के पौधे जब्त...

छ्ग में अफीम की खेती की खबरों के चलते सीएम विष्णुदेव साय ने कड़ा रुख अपनाते हुये सभी कलेक्टरों से 15 दिन के भीतर सर्वे रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। साथ ही कड़ी कार्यवाही करने कहा है।दुर्ग के बाद बलरामपुर जिले में अवैध अफीम की खेती के लगातार खुलासे हो रहे हैं।कुसमी क्षेत्र में अफीम का खेत मिलने के बाद खजूरी पंचायत के तुर्रीपानी गांव में करीब 2.5 से 3 एकड़ जमीन पर 5 करोड़ की अफीम की खेती पकड़ी गई है। दुर्ग जिले में 8 करोड़ की अफीम की फसल खेत से उखाड़ने 400 मजदूर लगे तो जब्त पौधौं को सीमेंट फैक्टरी में नष्ट किया जाएगा।दुर्ग जिले के पुलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम समोदा, झेंझरी, सिरसा के मध्य में अवैध रूप से अफीम की खेती का मामला सामने आया, पुलिस आबकारी, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, फॉरेंसिक साइंस लेबो रेटरी, राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार वाई में लगभग 05 एकड़ 62 डिस मिल क्षेत्र में लगे अफीम के पौधों को जब्त किया गया है, कीमत लगभग 08 करोड़ रुपए आंकी गई है। थाना पुल गांव क्षेत्रांतर्गत जेवरा सिरसा चौकी के ग्राम समोदा, झेंझरी, सिरसा के मध्य स्थित भूमि पर अवैध अफीम की खेती किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, अफीम की फसल पाए जाने पर संबंधित विभागों को अवगत कराया गया, जिसके पश्चात संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई।राजस्व विभाग के संज्ञान में आते ही कलेक्टर दुर्ग के निर्देश पर अनुविभागीय अधि कारी (राजस्व) दुर्ग, तहसील दार, अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच में पाया गया ग्राम झेंझरी, तह सील एवं जिला दुर्ग के खसरा नंबर 309 रकबा 80 डिस मिल, खसरा नंबर 310 रकबा 09 एकड़ 92 डिस मिल, कुल 10 एकड़ 72 डिसमिल भूमि मधुमती ताम्रकार, प्रीतिबाला ताम्रकार पिता स्व. सीताराम ताम्रकार के संयुक्त नाम से दर्ज है। उक्त भूमि के लगभग 05 एकड़ 62 डिसमिल क्षेत्र में अफीम की फसल पाई गई, जिसमें मक्का के पौधों के बीच में अफीम के पौधे लगाए गए थे। टीम द्वारा खेत का निरीक्षण कर अफीम के पौधों को जब्त किया गया। मौके पर यह भी पाया गया ग्राम समोदा एवं झेंझरी की लग भग 110 एकड़ भूमि को तार फेंसिंग से घेरकर मक्का, गेहूं, धान, चना, ज्वार की फसल भी लगाई गई है। उक्त भूमि का सीमांकन, राजस्व अभि लेखों से परीक्षण किया गया, जिसमें समस्त भूमि निजी स्वामित्व की पाई गई। प्रारं भिक जांच में कुछ लोगों की संलिप्तता सामने आई है। पूछताछ में यह जानकारी भी प्राप्त हुई है कि अफीम की खेती के लिए बाहरी लोगों को बुलाकर कार्य कराया जा रहा था।भूमि स्वामी मधुमती ताम्र कार एवं प्रीतिबाला ताम्रकार का संबंध संदेही विनायक ताम्रकार से बताया गया है।मामले में विनायक ताम्रकार पिता गिरजाशंकर (उम्र 58 वर्ष), निवासी तमेरपारा दुर्ग, विकास बिश्नोई पिता नारा यणराम बिश्नोई (उम्र 27 वर्ष), निवासी ग्राम मटोड़ा थाना मटोड़ा जिला जोधपुर (राजस्थान), हाल मुकाम ग्राम समोदा जिला दुर्ग, मनीष ठाकुर, अचलाराम जाट (उम्र 28 वर्ष)के विरुद्ध कार्रवाई की गई, अचला राम जाट फरार है, तलाश जारी है। उक्त प्रकरण में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत वैधा निक कार्रवाई की जा रही है।




### अफीम के लिये 2 युद्ध भी हो चुके हैं...!

अफीम युद्ध दो महत्वपूर्ण युद्ध थे जो 19वीं सदी में ब्रिटेन और चीन के बीच लड़े गए।युद्धों का मुख्य कारण था अफीम का व्यापार, ब्रिटेन चीन में फैलाना चाहता था, जबकि चीन इसे रोकने का प्रयास कर रहा था। पहला अफीम युद्ध (1839 -18 42):इस युद्ध की शुरुआत तब हुई जब चीन ने अफीम के व्यापार को बैन कर दिया, ब्रिटेन के व्यापारियों द्वारा चीन में तस्करी से लाई गई अफीम को जब्त कर लिया। इसके जवाब में ब्रिटेन ने चीन पर हमला किया। युद्ध के बाद नानकिंग संधि पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें चीन को हांगकांग द्वीप ब्रिटेन को देना पड़ा, 5 प्रमुख बंदरगाहों को ब्रिटेन के व्यापार के लिए खोलना पड़ा।दूसरा अफीम युद्ध (1856- 1860):पहले युद्ध के बाद भी दोनों देशों के बीच तनाव बना रहा। दूसरे युद्ध की शुरुआत हुई, चीन ने ब्रिटेन के एक जहाज को रोका, इसके बाद ब्रिटेन-फ्रांस ने मिलकर चीन पर हमला किया। इस युद्ध के बाद चीन को और भी व्यापारिक, क्षेत्रीय रियायतें देनी पड़ीं। युद्धों के परिणाम स्वरूप चीन पर पश्चिमी शक्तियों का दबदबा बढ़ गया, चीन को कई अपमानजनक संधियों पर हस्ताक्षर करने पड़े, जिन्हेअन्यायपूर्ण संधियां कहा जाता है। अफीम युद्धों ने चीन के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक ढांचे को गहरा प्रभावित किया।





### फूलोदेवी, लक्ष्मी वर्मा रास सदस्य बनीं...

छत्तीसगढ़ से राज्यसभा के लिए फूलोदेवी नेताम और लक्ष्मी वर्मा निर्विरोध निर्वा चित हो गई हैं। दोनों के खिलाफकोई अन्य प्रत्याशी मैदान में नहीं होने के कारण उन्हें निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के तहत 9 मार्च तक नामांकन वापसी की समय सीमा समा प्त होने के बाद यह स्पष्ट हो गया, दोनों उम्मीदवारों के सामने कोई मुकाबला नहीं है।निर्वाचन अधिकारी ने औप चारिक रूप से द्व निर्विरोध निर्वा चन की घोषणा कर दी।कांग्रेस की उम्मीदवार राज्य सभा सांसद फूलो देवी नेताम, भाजपा समर्थित लक्ष्मी वर्मा के निर्विरोध राज्यसभा पहुं चने से पार्टी खेमे में खुशी का माहौल है।बताया जा रहा है कि विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से दोनों की जीत पहले से ही लगभग तय मानी जा रही थी। भाजपा के 54 विधायक हैं, कांग्रेस के 35 विधायक हैं। राज्यसभा के लिए एकउम्मीद वार को 31 विधायकों के वोट की जरूरत होती, जिसकी वजह से दोनों निर्विरोध चुन ली गई हैं।अब दोनों के निर्विरोध निर्वाचन के साथ ही दोनों नेता संसद के उच्च सदन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### और अब बस.......

- » अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सीएम विष्णु देव साय ने बस्तर में महतारी वंदन सम्मेलन-2026 में योजना की 25 वीं किश्त जारी की। इसके तहत प्रदेश की 69 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में 641 करोड़ 58 लाख रुपये की राशि अंतरित की गई।
- » पिछले दो वर्षों में 532 माओवादी मारे गए, इसके अलावा 2, 704 उग्रवादियों ने आत्म समर्पण किया और 2, 004 को गिरफ्तार किया गया है।
- » आत्म समर्पण के बाद सीपीआई (माओवादी) के सीनियर नेता देवजी ने राज नीति में आने की इच्छा जताई है।ज्यादा उम्र के कारण देवजी के पास सीमित विकल्प हैं?

## एक नजर

### सोमेश्वर प्रसाद बने हिन्दी भाषण प्रतियोगिता के नेशनल चैंपियन

रायपुर, 15 मार्च। भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वधान में सत्यभामा यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी चेन्नई (तमिलनाडु ) में 10 से 14 मार्च तक आयोजित 39वां नेशनल यूथ फेस्टिव (यूनीफेस्ट) के भाषण (हिन्दी)प्रतियोगिता में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के छात्र सोमेश्वर प्रसाद गंजीर ने नशा मुक्त भारत : युवाओं की पहल विषय पर अपने विचारों से प्रथम स्थान प्राप्त कर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया।, नेशनल चैंपियन बनने एवम यूनिवर्सिटी के नाम रौशन करने पर टीम मैनेजर दानेश, सहायक प्राध्यापक एवम छात्र सोमेश्वर प्रसाद गंजीर को डां. राजीव चौधरी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये दी।



### एफएसएसएआई नियमों में बड़े सुधार से छोटे खाद्य व्यापारियों को बड़ी राहत : अमर पारवानी

रायपुर, 15 मार्च। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि देशभर के व्यापारियों द्वारा समय-समय पर उठाए गए मुद्दों और उनके समाधान के लिए किए गए सतत प्रयासों का एक महत्वपूर्ण परिणाम हाल ही में खाद्य व्यवसायों से संबंधित नियमों में किए गए व्यापक सुधारों के रूप में सामने आया है। इस संबंध में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी ने कहा कि एफएसएसएआई द्वारा जारी हालिया अधिसूचनाओं के माध्यम से खाद्य व्यापारियों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। पारवानी ने बताया कि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के समक्ष देशभर के व्यापारियों ने समय-समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठकों एवं बोर्ड मीटिंग्स के माध्यम से स्न्रस्स्न्ढ्ढ लाइसेंस से जुड़ी जटिलताओं, अनुपालन प्रक्रियाओं तथा व्यावहारिक समस्याओं को उठाया था। इन सुझावों और मांगों को व्यवस्थित रूप से संबंधित मंत्रालयों तक पहुँचाया गया, जिसके परिणाम स्वरूप भारत सरकार द्वारा नियमों को अधिक सरल एवं व्यापार-अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं।



# नए पीसीसी अध्यक्ष के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में घमासान की स्थिति



**रायपुर, 15 मार्च।** इसी वर्ष 14 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में दीपक बैज का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। नया अध्यक्ष किसे बनाया जाएगा या बैज के ही चेहरे को दोबारा फ्रेम में लगाया जाएगा? इस सवाल के बीच राज्य के कांग्रेसी कर्णधारों ने अपनी-अपनी गोटियां चलनी शुरू कर दी है। राजनीतिक शतरंज की बिसात पर राजा के स्थान पर अपने मोहरें को बिठाने चालें चली जा रहीं हैं। पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। शीर्ष नेता एक-दूसरे को शह और मात देने के प्रयास में लगे हैं। घोड़े की ढाई घर की चाल चलकर कौन दिल्ली दरबार को अपने विश्वास में लेगा यह भविष्य के गर्भ में छिपा है।

मुख्य तौर पर इस खल में दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव व नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत शामिल हैं। दीपक बैज दुबारा अध्यक्ष बनने के लिए प्रयास कर रहे हैं। भूपेश बघेल से उनका छत्तीस का आंकड़ा है। भूपेश बघेल चाहते हैं कि बैज के स्थान पर पूर्व मंत्री उमेश पटेल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाए। उमेश झीरम हमले में शहीद पूर्व मंत्री नंदकुमार पटेल के पुत्र हैं। घटना के समय नंदकुमार प्रदेश अध्यक्ष थे। ऐसा बताया जा रहा है कि भूपेश ने विधायक उमेश के नाम पर दांव लगा दिया है। दिल्ली दरबार से भी उनकी चर्चा हो गई है। ये तो मानना ही पड़ेगा कि प्रदेश में भूपेश ही सर्वोच्च कांग्रेस नेता हैं। दिल्ली में भी उनकी पकड़ मजबूत है।

पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव हालांकि विधायक उमेश पटेल के नाम पर सहमत हो सकते हैं लेकिन फिलहाल वे खुद अध्यक्ष बनने की दौड़ में शामिल हैं। विधानसभा में पराजित सिंहदेव ने कांग्रेस सरकार के दौरान ढाई वर्ष तक प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने की अनथक कोशिश की थी किंतु उनके इस प्रयास में बघेल ने अपनी चाल से पानी फेर दिया था। कभी जय-वीरू की जोड़ी कहलाने वाले भूपेश व सिंहदेव एक-दूसरे के खिलाफ पीठ घुमाकर खड़े हैं। सिंहदेव प्रदेश अध्यक्ष बनने जुगत भिड़ाने में लगे हैं। हालांकि बैज से उनके संबंध खराब नहीं है किंतु पद के जरिए पॉवर पाने की चाह ने सिंहदेव को दावेदार बना दिया है। चरणदास महंत चूंकि वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष हैं लिहाजा वे स्वयं प्रदेश अध्यक्ष नहीं बनना चाह रहे हैं परंतु बताया जाता है कि उन्होंने अपने किसी समर्थक का नाम आगे बढ़ा दिया है। यह तो सबको पता ही है कि महंत व भूपेश के बीच बर्फ जमी हुई है। इसके पिघलने के आसार कम ही नजर आ रहे हैं।

कांग्रेस जैसा बाहर से नजर आ रही है वैसा एकजुट है नहीं। अंदर गोलमाल है ऐसी खबर आ रही है। प्रदेश अध्यक्ष के चयन को लेकर घमासान की आशंका प्रकट की जा रही है।

# बस्तर में खुशहाली और शांति बहाल करने में हो रहे हैं कामयाब : सीएम



**रायपुर, 15 मार्च।** हमारी सरकार जनजातीय समाज के भविष्य को संवारने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प से अब हम बस्तर क्षेत्र में खुशहाली और शांति बहाल करने में कामयाब हो रहे हैं। बस्तर पिछले लगभग 40 वर्षों से विकास से अछूता रहा और लंबे समय तक नक्सल प्रभाव से प्रभावित था, लेकिन अब परिस्थितियाँ तेजी से बदल रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश जल्द ही नक्सलवाद से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिससे जनजातीय समाज में अमन-चैन के साथ-साथ खुशहाली और समृद्धि का नया दौर आएगा।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित दो दिवसीय 'आदि परब' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'आदि परब' की थीम 'परंपरा से पहचान तक' रखी गई है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, कला और परंपराओं को साझा मंच देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और झारखंड के आदिवासी लोक कलाकारों ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की 43 विभिन्न जनजातियों के लोग एक मंच पर एकत्रित हुए, जो हमारी सांस्कृतिक विविधता और समृद्धि का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने इस सफल आयोजन के लिए विभाग की पूरी टीम को बधाई दी तथा 'आदि परब' चित्रकला और परिधान को मिले 'गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' पुरस्कार के लिए भी शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनजातीय समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा और शोध के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से टीआरटीआई परिसर में 5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 100 सीटर छात्रावास का लोकार्पण किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय बाहुल्य प्रदेश छत्तीसगढ़ में इस प्रकार के आयोजन का विशेष महत्व है, क्योंकि यह हमारी समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपराओं की व्यापकता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में पारंपरिक चित्रकला, शिल्प, हाट-बाजार और पारंपरिक व्यंजनों का अद्भुत संगम देखने को मिला। हमारी लोक परंपराएँ ही हमारी असली पहचान हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां स्थित दो संग्रहालयों में से एक शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनगाथा को समर्पित है। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पहले डिजिटल 'शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह-जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय' का लोकार्पण किया था, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है।मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरे जनजातीय संग्रहालय में जन्म, विवाह और मृत्यु संस्कारों सहित जनजातीय जीवन के विभिन्न अवसरों पर पहने जाने वाले पारंपरिक परिधानों और रीति-रिवाजों का जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया गया है। आधुनिकता की दौड़ में हमें अपनी विलुप्त होती सांस्कृतिक विरासत को सहेजना होगा।

# जैन संवेदना ट्रस्ट ने 19 बुजुर्गों व बच्चों को दिये श्रवण यंत्र

**रायपुर, 15 मार्च।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर जैन संवेदना ट्रस्ट ने आज से साधर्मिक भक्ति व अनुकम्पा सेवा सप्ताह का आरम्भ किया है। सेवा सप्ताह के आरम्भ में 19 दिव्यांगों को श्रवण यन्त्र वितरित किए गए। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने इस अवसर पर कहा कि मानवता की सेवा जीवन का सर्वोत्तम कार्य है।

जीवन भर सुनने के बाद जब बुढ़ापे में कम सुनाई देने लगता है तो बड़ी समस्या पैदा हो जाती है। इस वक्त श्रवण यन्त्र ही बड़ा सहारा होता है। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा गूंगे बहरे लोगों का परीक्षण कर श्रवण यंत्र का वितरण किया जाता है। ट्रस्ट के वीरेन्द्र डागा ने बताया कि 3 बच्चों में कु उषा को जन्म से सुनाई नही देता था, डॉक्टरों ने जांच कर बताया कि श्रवण यन्त्र लगाकर उषा सुन सकती है।



श्रवण यन्त्र लगाकर तीनों बच्चे सुनने लगे हैं। सभी के माता पिता प्रफुल्लित होकर जैन समाज का आभार जताया है। भगवान महावीर जन्मकल्याणक के आरम्भ में ही तीन बच्चों के अलावा 16 बुजुर्गों को भी श्रवण यन्त्र देकर सुनने की समस्या से निजात दिलाई। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा मूक पशु पक्षियों की सेवा, मानव सेवा के अंतर्गत श्रवण यन्त्र, कृत्रिम हाथ, कैलिपर्स, वैशाखी, बी पी नापने की मशीन, शुगर टेस्टिंग मशीन का निःशुल्क वितरण तथा मानव कल्याण में साधर्मिक भाई बहनों के स्वावलंबी जीवन, व्यवसायिक उत्थान व विवाह योजना पर लगातार कार्य किये जाते हैं।

# 5 बसों में सिख श्रद्धालु नानकझिरा रवाना



**रायपुर, 15 मार्च।** स्टेशन रोड गुरुद्वारा के अध्यक्ष इंद्रजीत छाबडा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र छाबडा, पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, हरमीत भामरा, मनोज छाबड़ा आदि ने बसना के पास गुरुद्वारा नानकझिरा के लिए 5 बसों में संगत को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहां पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आने वाले हैं। बस नंबर 1 के लीडर लक्की मक्कड़, बस नंबर 2 के लीडर गुरुचरण सिंह टांक, बस नंबर 3 के लीडर गुरभेज सिंह, बस नंबर 4 के लीडर मनोज छाबडा, बस नंबर 5 के लीडर मनमीत सिंह हैं। ये सभी बसें रात 8.30 बजे तक रायपुर वापस आ जायेंगे। ज्ञात हो कि सिखों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव नानकझिरा में कुछ दिन गुजारे थे। यह स्थान अब तीर्थ स्थान बन गया है।

# मालवाहकों पर प्रतिबंध लगाने से व्यापार ठप, विरोध

**रायपुर, 12 मार्च।** राजधानी के तेलीबांधा नाका एवं फाफाडीह चैक जैसे व्यस्त व्यापारिक क्षेत्रों में शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध से उपजी समस्याओं को लेकर आज छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी एवं ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन के प्रतिनिधि मंडल की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में राजधानी गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ परचून ट्रांसपोर्ट संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित 200 से अधिक ट्रांसपोर्टर उपस्थित रहे। ट्रांसपोर्टरों और व्यापारियों ने साझा रूप से अपनी परेशानियां बताई-जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान, कूलर, ए.सी. और अन्य जरूरी उत्पादों की डिलीवरी समय पर नहीं हो पा रही है। गोदामों तक माल नहीं पहुँचने के कारण व्यापारियों को भारी वित्तीय हानि हो रही है। रायपुर एक होलसेल मंडी है जहाँ से पूरे प्रदेश में माल जाता है। प्रतिबंध के कारण 90 प्रतिशत माल की आवाजाही रुक गई है, लोडिंग-अनलोडिंग के लिए प्रशासन द्वारा कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं दी गई है। इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, सलाहकार गुरजीत सिंह संधू, कार्यकारी अध्यक्ष-राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष- लोकेश चंद्रकांत जैन, मनीष प्रजापति, मंत्री राजेंद्र पारख, ट्रांसपोर्ट चेम्बर अध्यक्ष हरचरण सिंह साहनी, छत्तीसगढ़ परचून ट्रांसपोर्ट संघ के महामंत्री कमल किशोर गोलछा, महावीर जैन, याकूब मोकाती, अशोक लोहिया, फिरोज अहमद, विष्णु गुप्ता, आशीष अग्रवाल, राजधानी गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष स्वरूप चोपड़ा, पिंटू सिंह, रोशन शर्मा, उमेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर्स उपस्थित रहे।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26